# देश 2024-25

धर्म बिना विज्ञान अपंग है, और
विज्ञान बिना धर्म दृष्टिहीन।
-अल्बर्ट आइंस्टीन



# संपादकीय बोर्ड

**बांए से दाएं** – आचार्य ललित मोहन (सिंधी), आचार्य छोटू राम मीणा (हिन्दी), डॉ. आशीष कुमार (संस्कृत), श्री शाश्वत भट्टाचार्य (अंग्रेजी), डॉ. मुकेश मिश्र (संस्कृत), डॉ. मुनीष कुमार (पंजाबी), आचार्या अंतरा चौधुरी (बांग्ला), डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा (सबसे पीछे– प्रधान संपादक)

# देश
# 2024–25

**संरक्षक**

**आचार्य राजेंद्र कुमार पाण्डेय**

**प्रधान संपादक**

**डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा**

| संपादक | विभाग | छात्र-संपादक |
|---|---|---|
| आचार्य छोटू राम मीणा | हिन्दी | अर्हत |
| शाश्वत भट्टाचार्य | अंग्रेजी | अंशुमान मिश्रा |
| डॉ. मुकेश मिश्र | संस्कृत | राघव झा |
| आचार्या अंतरा चौधुरी | बांग्ला | खुशबू कुमारी |
| डॉ. मुनीष कुमार | पंजाबी | पूजा चौहान |
| आचार्य ललित मोहन | सिंधी | वर्षा लुधवानी |

**'देश' पत्रिका अपने लेखकों के विचारों का आदर करती है। जरूरी नहीं कि वह उनसे सहमत हों।**

Statement Under Cause 19-D

Place of Publication : Deshbandhu College, Kalkaji, New Delhi-110019.

Periodicity of Publication 01, Annual No. of Issue : 52

Printers Name : Parnasus Printers & Publishers

Nationality : Indian

Address : New Delhi-110014, Mobile : 9810054402

Publishers Name : Prof. Rajendra Kumar Pandey (Principal)

Nationality : Indian

Address : Deshbandhu College, Kalkaji, New Delhi- 110019.

# प्राचार्य की ओर से...

मानव की सुखद यात्राओं का आरंभ चकमक से आग उत्पन्न करने के युग से शुरु होता है। चमत्कार ही धीरे-धीरे आविष्कार की श्रेणी बनाते चले गये। मनुष्य आत्मिक सुख के लिए नैतिक मूल्यों की ओर देखता रहा है। यही नैतिकताएँ धार्मिक आवरण में ढलती चली गई। विज्ञान जहाँ भौतिक रहस्यों का निदान करता रहा है, वहीं धर्म मानसिक रहस्यों को सुलझाता रहा है। कभी कभी दोनों पक्षों की भूमिका संदेह पूर्ण भी रही है। इसलिए 21वीं सदी में दोनों को तटस्थ होकर देखने समझने की ज़रुरत है। दोनों से बचकर आगे निकलने की जरूरत नहीं है।

हमारे महाविद्यालय की 'देश' पत्रिका भी इस तरह के मुद्दों को देखने समझने की एक दृष्टि देती है। अपने पाठकों के बीच इन दोनों पक्षों को नये संदर्भों में देखने की समझ देती है। पत्रिका का संपादन सामूहिक सहयोग की मांग के साथ ही सफल होता है। सामूहिकता किसी भी पत्रिका के संपादन की अनिवार्य शर्त है। जब कोई पत्रिका बहुभाषिकता के रूप में प्रकाशित होती है तब सहयोग की कसौटी ही उसको प्रकाशन तक पहुँचाती है। डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा के प्रधान संपादकत्व में निकलने वाला यह अंक बहुत से अर्थों में अपना संदेश पाठकों तक पहुँचाने में सफल होगा। संपादन सहयोग लिए मैं आचार्य छोटू राम मीणा, श्री शाश्वत भट्टाचार्य, डॉ. मुकेश मिश्र, डॉ. मुनीष कुमार, आचार्या अंतरा चौधुरी व आचार्य ललित मोहन का साधुवाद करता हूँ कि आप सबकी मेहनत से 'देश' पत्रिका का बहुत सुंदर अंक प्रकाशित हुआ। छः भाषाओं (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, पंजाबी, बांग्ला, सिंधी) के छात्र संपादकों को भी धन्यवाद देता हूँ। हमारी यह पत्रिका भारतीय भाषाओं के प्रति समान सम्मान की भावना को दर्शाती है। भाषाई सम्मान के कारण 'देश' पत्रिका हमारा गौरव है।

'देश' के इस अंक को प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

सुंदर व सुनहरे भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ।

**आचार्य राजेन्द्र कुमार पाण्डेय**
प्राचार्य, देशबंधु महाविद्यालय

# सेवानिवृत संकाय व गैरसंकाय सदस्य

प्रोफेसर सीमा नारायणन् (राजनीति शास्त्र)

डॉ शैलेन्द्र मोहन झा (इतिहास विभाग)

प्रोफेसर कामना सिंह (जैवरसायन विभाग)

श्री विनोद पंवार, प्रयोगशाला सहायक

श्री ए.पी. ध्यानी, प्रयोगशाला सहायक

श्री चंदन पटवाल, प्रयोगशाला सहायक

श्री राजबीर सिंह, कार्यालय परिचर

श्री रमेश सोलंकी, प्रयोगशाला सहायक

श्री रामनिवास, प्रयोगशाला सहायक

श्री जगबीर सिंह, प्रयोगशाला सहायक।

**देशबंधु महाविद्यालय परिवार आपके सफल, सुखद व स्वस्थ जीवन के साथ दीर्घायु होने की कामना करता है।**

# संपादकीय

21वीं सदी में ज्ञान-विज्ञान का विस्तार हुआ है। विज्ञान की सर्वसुलभता ने इंसान के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंसान की कठिन परेशानियों को आसान बनाने में विज्ञान का अहम योगदान है। वैश्विक स्तर की परेशानियों से उबरने के लिए विज्ञान की ओर आशा भरी उम्मीदों से देखा जाता रहा है। भविष्य में भी दुनिया ऐसी अपेक्षाएं विज्ञान से करती रहेगी। स्थानीयता व वैश्विक नागरिकता के साथ भारतीय सभ्यता और संस्कृति निरंतर आगे बढ़ रही है। व्यक्ति के दुख-दर्द को देखने, समझने व उनको सुलझाने के लिए आध्यात्मिक पक्ष की बहुत महती ज़रुरत रही है। विज्ञान ने भौतिक सुख-सुविधाओं का रास्ता सौंपा है, तो आध्यात्मिकता ने व्यक्ति को मानसिक रूप से सम्पन्न बनाने का कार्य किया है। भौतिक उन्नति के बजाय भारतीय दर्शन आत्मा की उन्नति के लिए विख्यात रहा है। विज्ञान का धर्म व आध्यात्मिकता के साथ बहुत गहरा नाता रहा है। आध्यात्मिकता के अभाव में विज्ञान विनाश के रास्ते पर चल पड़ता है। ऐसे ही आध्यात्मिकता भी वैज्ञानिक मिज़ाज के बिना अंधविश्वास, कुरुतियाँ व पाखंड की भेंट चढ़ जाती है। इसलिए समाज में आध्यात्मिकता के साथ वैज्ञानिकता का संतुलन बराबर होना चाहिए। सूचना क्रांति के दौर में अंधविश्वास व पाखंड का बोलबाला होता हुआ सा दिखाई दे रहा है? यह समझने व चिंतन करने का विषय है। सूचना क्रांति के दौर में विज्ञान व धर्म का मानवीयता के संदर्भ में पुनर्मूल्यांकन की ज़रूरत बनी हुई है।

'देश' पत्रिका का यह अंक अपने साथी संपादकों का आभार व्यक्त करता है। इस कार्य को पूरा करने के लिए आप सभी ने बिना किसी व्यवधान के महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सहयोग के बिना देश के इस अंक की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रो. छोटू राम मीणा (हिंदी), श्री साश्वत भट्टाचार्य (अंग्रेजी), डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा (संस्कृत), डॉ. मुनीष कुमार (पंजाबी), प्रो. अंतरा चौधुरी (बांग्ला) व प्रो. ललित मोहन (सिंधी) के साथ-साथ सभी छः भाषाओं के छात्र संपादकों का सहयोग भी मिलने के परिणामस्वरूप यह कठिन कार्य आसान व सहज रूप से सफल हो पाया। इस अंक के प्रकाशक पारनासुस का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार पाण्डेय का हरसंभव सहयोग व समर्थन के कारण यह अंक प्रकाशित होकर आप सब पाठकों के बीच आ सका है। इस अंक के सुंदर आवरण चित्र के लिए प्रोफेसर अंतरा चौधुरी का बहुत बहुत आभार। आपके आवरण चित्र ने पत्रिका के आकर्षण में चार चांद लगा दिये। अंक के प्रधान सम्पादक डॉ. प्रेम प्रकाश शर्मा ने संकलन, संयोजन व संपादन में अद्वितिय कार्य करके इसको अंतिम रूप दिया। इसके बावजूद भी उम्मीद करते है कि यह अंक आप सभी को पसंद आयेगा। पाठकों को यह अंक सौंपते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है।

**प्रो. छोटू राम मीणा**

# CONGRATULATIONS

*Aman Raj – selected in Indian Military Academy*

*Aryan Tanwar – selected as a Pilot in the Indian Air Force*

# SABRANG

# SABRANG

# SABRANG

# SABRANG

# NCC ACTIVITY

# NCC ACTIVITY

देश

2024-25

# हिंदी विभाग

**संपादक : आचार्य छोटू राम मीणा**

**छात्र संपादक : अर्हत**

## विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| वाद-विवाद-संवाद | – आचार्य संजीव कुमार | 2-6 |
| तीर्थयात्राएं, दलित और अंबेडकर का दर्शन | – आचार्य छोटू राम मीणा | 7-9 |
| संघर्षशील निम्न वर्ग और समकालीन कहानियाँ | – डॉ. सीमा कुमारी | 10-14 |
| आधुनिक भारत के सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागरण के पुरोधा संत नारायण गुरु | – डॉ. नरेंद्र कुमार | 15-20 |
| समय | – हरप्रताप सिंह | 20 |
| हिन्दी पाठक, और उर्दू कविता की गुण विवेचना की समस्याएँ | – अर्हत मेश्राम | 21-23 |
| सच्चा मित्र | – महेश | 24 |
| चिड़िया | – पायल शर्मा | 24 |
| गजल | – अर्हत | 25-26 |
| गजल | – राहुल दीप | 27 |
| हमारी पहचान | – तोफीजा जमाल | 27 |
| सुख किसमें हैं? | – सुहानी पीजंजि | 28 |
| भूल जाती हूँ | – डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव | 28 |
| गलती | – श्रेया | 29 |
| झूठ-सच | – डॉ. प्रदीप कुमार मुखर्जी | 29 |
| कविता | – विपिन करनोजिया | 30 |
| कहाँ है पहलगाम | – दिविक रमेश | 31-32 |

# वाद–विवाद–संवाद

हिंदी के साहित्यिक हलके में गंभीर बहसों के दिन कब लदे और कब फेसबुकीय (गौर करें, यह फेसबुकिया के मुकाबले सम्मानजनक पद है) विवादों ने उनकी जगह ले ली, यह शोध का विषय है। किसी निश्चित दिन–महीने–साल तो ऐसा नहीं हुआ होगा, इसकी एक प्रक्रिया रही होगी, पर जान पड़ता है वह प्रक्रिया लगभग संपन्न हो चुकी है। समकालीन हिंदी आलोचना की कथित विपन्नता का स्यापा करनेवालों ने संजीदा बहसों के फेसबुकीय विवादों द्वारा प्रतिस्थापन पर गौर किया हो, ऐसा मेरी जानकारी में नहीं है। अगर किया होता तो शायद उन्हें दोनों के बीच एक रिश्ता नजर आता। आलोचना के औजार बहसों की सान पर ही अपने को धार देते हैं। लेकिन वह तभी होता है जब बहसें तैयारी के साथ हों। फेसबुकीय विवाद उत्तेजना को सही दिशा में जोतने की नहीं, एक झटके में स्खलित कर की प्रणाली हैं और उनकी प्रकृति ही यथेष्ट तैयारी के खिलाफ है। अव्वल तो इसलिए कि वे तुरंत होती हैं और अविलंब प्रतिक्रिया देना वहाँ मैदान में बने रहने की शर्त होती है। दूसरे, उनमें जरूरी संदर्भों के साथ तर्क–प्रतितर्कों को जगह देनेवाला विस्तार नहीं होता। इस माध्यम का उपयोग करने वाले जानते हैं कि विस्तार पर कोई बंदिश भले न हो, विस्तार में जाना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने के समान है। उसकी चादर जितनी भी बड़ी दिखे, पैर पूरे फैलाने पर आप मुँह की खाते हैं, क्योंकि आपका लक्ष्य–समूह उस फैलाव को देखकर मोबाईल के टच स्क्रीन पर एक बार अँगूठा घसीटता है और अगली पोस्ट पर पहुँच जाता है। लिहाजा, हाजिरजवाबी और वन पंच नॉक आउट वाली मानसिकता इस माध्यम में जारी बहसों के लिए सबसे मूल्यवान गुण हैं। ये 'गुण' आलोचना के विकास में कोई योगदान कर सकते हैं, ऐसा मानने का कोई कारण नहीं।

हिंदी आलोचना के विकास पर गौर करें तो पाएँगे कि अगर वाद–विवाद न होते तो न हिंदी को रामचन्द्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, नन्द दुलारे वाजपेयी, शिवदान सिंह चौहान, रामविलास शर्मा, विजयदेव नारायण साही, नामवर सिंह सरीखे आलोचक मिलते, न ही प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, रांगेय राघव, जैनेन्द्र, अज्ञेय, मुक्तिबोध और नयी कविता – नयी कहानी के अनेक रचनाकारों का आलोचनात्मक लेखन मिलता। गोपाल प्रधान ने 1910–40 के छायावादयुगीन साहित्यिक वाद–विवादों पर जो शोधकार्य किया है, उससे पता चलता है कि उस दौर के जिन लेखों और ग्रंथों को हम स्थायी महत्त्व का मानते हैं, वे बहसों के बीच से ही निकले हैं। हममें से ज्यादातर लोग भले ही उन बहसों की शृंखला से अनभिज्ञ हों, वे आलोचनात्मक कृतियाँ उन्हीं शृंखलाओं की कड़ियाँ हैं। इसका बहुत दिलचस्प उदाहरण रामचन्द्र शुक्ल का 'कविता क्या है' शीर्षक निबंध है जिसका जिक्र गोपाल प्रधान के शोध–प्रबंध की शुरुआत में ही आया है। वहाँ चिंतामणि के तीसरे भाग की नामवर सिंह द्वारा लिखित भूमिका से एक लंबा उद्धरण देते हुए इस लेख की पृष्ठभूमि बतायी गई है। नामवर जी लिखते हैं:

> *शुक्ल जी के 'कविता क्या है' नामक लेख से पहले 'सरस्वती' में इस विषय पर अनेक*

*लेख प्रकाशित हो चुके थे। जून 1901 की 'सरस्वती' में 'कवि कर्तव्य' समझाने के बाद आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने जुलाई 1907 में फिर 'कवि और कविता' नामक लेख लिखा। बीच की अवधि में राधाचारण गोस्वामी का 'कवि कल्पना' शीर्षक लेख निकला और चतुर्भुज औदीच्य का 'कवित्व'। इसके अलावा अलंकारवाद के समर्थन में एक लेख 'कवि और काव्य' शीर्षक भी छपा, लेकिन यह बात आचार्य द्विवेदी द्वारा 'सरस्वती' संभालने के पहले की है। शुक्ल जी का लेख जैसे इसका जवाब है, लेकिन जवाब भर नहीं। 'कविता क्या है' की पूर्णाहुति अलंकारवाद के खंडन से होती है और अलंकार चर्चा की शुरुआत इस प्रकार : "कई वर्ष हुए 'अलंकार प्रकाश' नामक पुस्तक के कर्त्ता का एक लेख 'सरस्वती' में निकला था। उसका नाम था- 'कवि और काव्य'। उसमें उन्होंने अलंकारों की प्रधानता स्थापित करते हुए और और उन्हें काव्य का सर्वस्व मानते हुए लिखा था कि आजकल के बहुत से विद्वानों का मत विदेशी भाषा के प्रभाव से काव्य के विषय में कुछ परिवर्तित देख पड़ता है। वे महाशय सर्वलोकमान्य साहित्यग्रंथों में विवेचन किये हुए व्यंग्य-अलंकारयुक्त काव्य को उत्कृष्ट न समझ केवल सृष्टि-वैचित्र्य-वर्णन में काव्य समझते हैं।'' शुक्ल जी का जवाब है : "इस विषय में पूर्वोक्त ग्रंथकार महोदय को एक बात कहनी थी, पर उन्होंने नहीं कही। वे कह सकते थे कि सृष्टि-वैचित्र्य-वर्णन भी तो स्वभावोक्ति अलंकार है । इसका उत्तर है कि स्वभावोक्ति को अलंकार मानना उचित नहीं। वह अलंकारों की श्रेणी में आ ही नहीं सकती।" 'कविता क्या है' नामक निबंध के वर्तमान संशोधित रूप से यह अंश निकाल दिया गया है, लेकिन विवाद के पूरे संदर्भ की जानकारी के लिए यह प्रासंगिक है।*

विवाद के संदर्भ की जानकारी देने के साथ नामवर जी ने विवाद के सार को इन शब्दों में स्पष्ट किया है:

> *विदेशी भाषा के प्रभाव से काव्य की जो 'परिवर्तित' दृष्टि 'सृष्टि-वैचित्र्य-वर्णन' की हिमायत कर रही थी, स्पष्टतः शुक्ल जी उसके पक्ष में थे। यह भी स्पष्ट है कि इस परिवर्तन से घबड़ाकर पुराने अलंकारवादी आत्मरक्षा में इस पक्ष पर आक्रमण कर रहे थे। इसलिए शुक्ल जी का लेख एक प्रकार का प्रत्याक्रमण है। उन्होंने इस लेख के बहाने सीधे उन सर्वलोकमान्य साहित्य ग्रंथों पर आक्रमण किया, जो निश्चय ही साहस की बात है। विषय स्वभावोक्ति के अलंकारत्व का है, पर चुनौती मम्मटाचार्य को दी गई। वस्तुतः स्वभावोक्ति को अलंकारों के संकुचित घेरे से निकालकर शुक्ल जी 'सृष्टि-वैचित्र्य-वर्णन' का स्वच्छंद पथ प्रशस्त कर रहे थे।*

यह लंबा उद्धरण सिर्फ इसलिए कि आलोचना के विकास में हम जिन लेखों को मील का पत्थर मानते हैं, उनके लिखे जाने की द्वन्द्वात्मक पृष्ठभूमि को न भूलें और उसके ओझल होने पर उसे

अस्तित्वहीन ही न मान लें। गोपाल प्रधान का प्रबंध 1910 से 40 तक की ऐसी पचासों बहसों के संदर्भ मुहैया कराता है।

दिलचस्प तरीके से, प्रधान की शोध – अवधि के बाद यानी 40 के दशक में वाद–विवादों का यह सिलसिला और सघन होता है जब प्रगतिशील आंदोलन के भीतर परंपरा के मूल्यांकन, भक्ति आंदोलन और भारतेन्दु युग के मूल्यांकन, साहित्य में यौन – नैतिकता और सेक्स चित्रण जैसे सवालों पर बहुत तीखी बहसें सामने आती हैं। उन बहसों पर थोड़ा बहुत इन पंक्तियों के लेखक ने भी लिखा है, पर उनके मुख्य बिंदुओं को इकट्ठा और व्यवस्थित रूप में देखने के लिहाज से रेखा अवस्थी की किताब प्रगतिवाद और समानांतर साहित्य बहुत उपयोगी है, जिसमें 'प्रगतिशील समीक्षा' पर केंद्रित लगभग 20 पृष्ठों का पूरा अध्याय यही बताता है कि किस तरह "... हर विषय पर प्रगतिशील लेखकों के बीच दो धाराओं का संघर्ष भी है और एकता भी ।... दो धाराओं के संघर्ष और विशेष अवस्थाओं में उनकी एकता का वस्तुनिष्ठ ढंग से अध्ययन करने पर ही पता चलता है कि 'कुत्सित समाजशास्त्र', 'संकीर्णतावादी दृष्टिकोण', 'उदारतावाद', 'भाववादी चिंतन', 'बुर्जुआ वर्ग का साहित्यिक प्रवक्ता' आदि आरोप या गालियाँ विवाद के हथियार मात्र हैं।'' गरज कि इन आरोपों को ही असली विवाद समझने की गलती न करें; विवाद इन ऊपर उतराये हुए आरोपों /गालियों के मुकाबले अधिक गहरे और अर्थवान हैं।

तात्कालिक रूप से लाइनों की जीत और हार का फैसला लगभग हो चुके होने के बावजूद मार्क्सवादी धारा के भीतर विवाद खत्म नहीं हुए। उनमें पुराने मुद्दे तो बार–बार उठते ही रहे जिनमें हार–जीत के उन फैसलों को पलटा गया, नए मुद्दे भी शामिल होते रहे। अपनी पुस्तक हिंदी आलोचना में कैनन निर्माण की प्रक्रिया में युवा आलोचक मृत्युंजय का कहना बिल्कुल दुरुस्त है कि "यदि मार्क्सवादी आलोचकों की आपसी बहसों को निकाल दिया जाए तो किसी भी एक धारा के भीतर हिंदी साहित्य में बहस की कोई परंपरा दिखाई नहीं पड़ती। इसलिए आलोचना के मार्क्सवादी कैनन के बारे में बात करते समय यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि इसका निर्माण मार्क्सवादी आलोचकों की तीखी बहसों के क्रम में हुआ है। इसीलिए इस कैनन की सर्वस्वीकार्यता के दावे सदैव गलत होंगे और ठीक इसीलिए ये कैनन सतत विकासमान होंगे।"

इस उद्धरण में 'भीतर' शब्द महत्त्वपूर्ण है। मृत्युंजय मार्क्सवादी धारा की तरह किसी भी अन्य धारा के 'भीतर' बहसों की उपस्थिति नहीं देखते, लेकिन इन धाराओं 'के बीच' की बहसों का तो लंबा इतिहास रहा है जिसे उनकी किताब बखूबी चिह्नित करती है।

यह अवसर सभी तरह की बहसों पर विहंगम दृष्टि डालने का नहीं है, इसलिए विस्तार में न जाते हुए इतना ही कि इक्कीसवीं शताब्दी के शुरुआती कुछ सालों तक हिंदी आलोचना में बहसों की यह परंपरा जीवंत दिखती है। हिंदी नवजागरण की थीसिस को ध्वस्त करती वीर भारत तलवार की रस्साकशी, कबीर संबंधी बहस को आगे बढ़ाते धर्मवीर और पुरुषोत्तम अग्रवाल के काम, दलित

प्रश्न पर चली बहसों में कँवल भारती और बजरंग बिहारी तिवारी जैसे आलोचकों के गंभीर हस्तक्षेप – ये बहुत पुरानी बातें नहीं हैं। दलित विमर्श, स्त्री विमर्श और दलित स्त्रीवाद ने इन्हीं वर्षों में हिंदी आलोचना के सामने कई असहज कर देनेवाले सवाल खड़े किए हैं।

लेकिन इन सबके बाद पिछले एक-डेढ़ दशक से, कुल मिलाकर, गतिरोध वाली स्थिति ही है। बहसें पत्रिकाओं से गायब हो रही हैं, भले ही सुलगाने – लहकाने की दावेदार कुछ पत्रिकाओं में बहस का प्रहसन जारी हो । हंस जैसी एक समय की संजीदा विवादप्रिय पत्रिका का 'बीच बहस में' स्तंभ अब संयोग से ही कभी नमूदार होता है। दसेक साल पहले तक विवाद के मद्दे उठाकर लेखकों को उकसाने और उनसे टिप्पणियाँ आमंत्रित करनेवाले जनसत्ता जैसे अखबार में इन दिनों रविवार को बीच के पन्नों पर क्या छापता है, यह साहित्यिक समाज को पता भी नहीं। वह साहित्यिक समाज या तो फेसबुक पर, उसी हाजिरजवाबी और वन पंच नॉक आउट वाली त्वरा के साथ, तुरंता टिप्पणियों में अपनी वैचारिक उत्तेजना को स्खलित कर रहा है, या फिर, उस समाज के जो सदस्य इस माध्यम से दूर हैं, वे अपने किसी वाद पर प्रतिवाद न पाकर खुद को और माँजने की द्वन्द्वात्मक प्रक्रिया से वंचित, सुकून में एक किनारे पड़े हुए हैं। क्या यह अजीब नहीं है कि 2018 से आलोचना का संपादन करते हुए हमने ऐसे अनेक लेख छापे जिन पर बहस खड़ी होनी चाहिए थी और जो असल में किसी छूटी हुई बहस से ही संदर्भित थे, लेकिन हमें कोई जवाबी लेख नहीं मिला।

निस्संदेह, गंभीर बहसों के सिमटते जाने का ठीकरा अकेले सोशल मीडिया के सिर नहीं फोड़ा जाना चाहिए। इन पंक्तियों के लेखक ने ही अन्यत्र इस स्थिति का संबंध विश्वविद्यालयों के हिंदी विभागों से भी जोड़ा है जो आलोचना विधा की कोर कॉन्सटिचुएन्सी है और जहाँ ऐतिहासिक कारणों से बौद्धिक सरगर्मी शून्य डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच चुकी है। वहाँ रजाई-कंबल के भरोसे अपनी गर्मी का संरक्षण करने में लगे गिनती के पढ़े-लिखे लोग कितनी बहसें खड़ी कर पाएंगे!

ऐसे और भी कारण होंगे ही। युवा आलोचक वैभव सिंह को लगता है कि इसका संबंध लेखक संगठनों के नाकारा होते जाने से है, वे बहसें खड़ी नहीं कर रहे हैं। ऐसा उन्होंने पिछले साल राकेश बिहारी द्वारा संपादित वार्षिक संकलन पुस्तकनामा में संगठनों की स्थिति पर विचार करते हुए लिखा और अन्यत्र भी इस आशय की बातें दुहराई। यह बात बहुत आश्वस्त इसलिए नहीं करती कि बहसें खड़ी करना सिर्फ आज नहीं, कभी भी लेखक संगठनों का काम नहीं रहा। यह लेखकों का काम है। और लेखक एक ही संगठन से जुड़े होकर भी आपस में मतभेद रखते और बहसें करते हैं। पीछे प्रगतिशील लेखक संघ के भीतर की जिन बहसों का हवाला दिया गया, वे ऐसी ही थीं। अगर आप संगठनों से बहसें उठाने-चलाने की माँग करते हैं तो इसमें यह अपेक्षा निहित है कि ये संगठन सभी मुद्दों पर सर्वानुमति वाले समूह की तरह काम करें और इससे जुड़े लेखक आपसी जुगलबंदी के साथ किसी साहित्यिक बहस के पक्षकार बनें। इस तरह वे संगठन की तरह नहीं, गुट की तरह काम करें। क्या यह एक अच्छी स्थिति होगी? या कि वह

स्थिति बेहतर है जिसमें सामाजिक-राजनीतिक सरोकारों की बुनियादी एकता के आधार पर लेखक आपस में जुड़ते हैं, हस्तक्षेपकारी कार्यक्रमों को अंजाम देने में अपनी संगठन-शक्ति का उपयोग करते हैं, लेकिन इस जुड़ाव के कारण पढ़त-पद्धति, मूल्यांकन और निर्णय संबंधी अपने साहित्यिक मतभेदों का विसर्जन नहीं कर देते? कहने की जरूरत नहीं कि यह दूसरी स्थिति ही काम्य है। संगठनों द्वारा बहसें उठाए जाने का मतलब है कि वे बहसों के पक्षकार के तौर पर एक संसक्त गुट की तरह काम करें और यह कोई स्वस्थ स्थिति नहीं होगी। निस्संदेह, इसका मतलब यह नहीं है कि सामाजिक-राजनीतिक सरोकारों की बुनियादी एकता को छोड़ दें तो एक संगठन के सदस्यों के बीच साहित्यिक सवालों पर किसी भी स्तर की सर्वानुमति नहीं होती। इन पंक्तियों के लेखक ने ही अन्यत्र लिखा है:

> *समान सरोकारों वाले लोगों में उन्हीं सरोकारों से जुड़े साहित्य के प्रति एक व्यापक सहमति का होना तो किसी हद तक स्वाभाविक है, पर ऐसे सवालों को लेकर उनमें मतांतर भी हो सकते हैं/ होते हैं कि - (क) साहित्यिक गुणवत्ता के आकलन में सरोकारों को किस हद तक आधार बनाया जाए; (ख) कृति में सरोकारों की पढ़त किस तरह की जाए - कितने स्थूल या सूक्ष्म स्तर पर उनकी शिनाख्त की जाए और इस शिनाख्त के लिए क्या पढ़त-रणनीति अपनाई जाए: (ग) साहित्य में सामाजिक-राजनीतिक नजरिए के ढलने की शर्तें क्या होनी चाहिए; (घ) सोद्देश्यता के मायने क्या है; (च) हमारे समय के, और कुछ पहले के समय के भी, लेखकों की कृतियों के आकलन में उनके घोषित विचारों, राजनीतिक जुड़ावों और कुल मिलाकर उनके व्यक्तित्व को कितनी अहमियत दी जाए? आप किसी भी लेखक-संगठन से जुड़े लेखकों में इन सवालों पर मतांतर देख सकते हैं, उदाहरण देने की जरूरत नहीं। इस तरह के मतांतर की विशेषता होती है कि यहाँ विवाद के दोनों या तीनों पक्ष, सीधे-सीधे या निहित तौर पर, किसी एक सर्वानुमति प्राप्त सूत्र का हवाला दे रहे होते हैं और अपनी बात को उसकी सही व्याख्या या निष्पत्ति ठहरा रहे होते हैं।*

तो लब्बोलुआब यह कि बहसों के दिन लदने का कारण लेखक-संगठनों की निष्क्रियता में तलाशना गलत है। यह एक ऐसे काम के लिए संगठनों को कोसना है जो उनका काम है ही नहीं और होना भी नहीं चाहिए। यह लेखकों का काम है और सच है कि वे इन दिनों 'श्रमसाध्य' वाद-विवादों से दूर हटते जा रहे हैं। सोशल मीडिया उन्हें बहसों में शामिल होने की संतुष्टि तो दे सकता है, पर आलोचना की विधा को बहसों से मिलने वाले लाभ से वंचित रखता है। इसके साथ-साथ, श्रमसाध्य विवादों के दिन लदने के कारण ऐसा आलोचनात्मक लेखन भी चर्चा से बाहर, और इसीलिए व्यापक साहित्यिक समाज में अलक्षित, रह जाता है जिसमें उत्पादक बहसों की शुरुआत करने की संभावना निहित थी। यह भी एक वजह है कि आलोचना की विधा जितनी अशक्त हुई है, उससे कहीं ज्यादा उसकी अशक्तता की धारणा जोर पकड़ रही है।

**संजीव कुमार**

# तीर्थयात्राएं, दलित और अंबेडकर का दर्शन

इक्कीसवीं सदी के दूसरे दशक में चीन के वुहान शहर को कोविड-19 महामारी के जनक के रूप में पहचाना जाता रहेगा। वैश्वीकरण के दौर में जब इंसान अपनी ही महत्वकांक्षाओं के मकड़जाल में फंसता चला जा रहा है। कोरोना महामारी ने इंसान को बता दिया कि महामारी जब आती है तो वह बहुत भारी भेदभाव भी करती है। सेठ साहुकारों के लिए आपदाएँ लूटमारी के अवसर लेकर आती है। कमजोर, गरीब, दलित, मज़लूम, बच्चे, स्त्री के लिए संकट लेकर आती है। यह कहना चाहिए कि आपदा अवसर व मार दोनों लेकर आती है। कहीं वह चुनौती देती है। कहीं वह पक्ष लेती है। कमजोर के साथ दोगलापन व्यवहार करती है। सामान्य अवस्था के दिनों में भी आदिवासी, दलित और स्त्री आदि के पक्ष में समाज की मानसिक संरचना अलग ढंग की रहती है। सत्ता का व्यवहार जाति, वर्ग, क्षेत्र, धर्म-भाषा देखकर होता है। ऐसे समय में भीमराव अंबेड़कर को पढ़ने की जरुरत महसूस होती है। भारत में कोविड-19 महामारी के दौर में मजदूर, शोषित व वंचित के साथ गैर जिम्मेदार रहा। सत्ता ने नागरिकों के प्रति अमानवीय व्यवहार किया। विदेश में रहने वाले नागरिकों के लिए हवाई सुविधाऐं दी गई तो देश के विभिन्न नगरों में मजदूरी करने वाली जनता को जेठ की तपती गर्मी में परिवहन के साधनों से वंचित करके मरने के लिए छोड़ दिया गया। अपनी जिम्मेदारी से भागने वाला रहा। यात्राओं में दलित जीवन पर अंबेड़कर का दर्शन अलग दिखाई देता है। जिन बातों को समाज ने स्वीकार कर लिया उन बातों पर अंबेडकर का अलग दृष्टिकोण है। डॉ राममनोहर लोहिया ने समाजवादी आंदोलन में दलितों का मंदिर प्रवेश आंदोलन चलाया था। भारत के बड़े बड़े मंदिरों के दरवाजों पर शीलापट्ट लगाकर लिखा गया कि यहाँ दलितों का प्रवेश निषिद्ध है। मंदिर में दलित व्यक्ति का प्रवेश नहीं हो सकता है। आज इक्कीसवीं सदी में दलित व स्त्रियों के लिए दरवाजे बंद है। दलित पैसे से वैश्विक यात्रा पर जा सकता है पर अपने देश के मंदिरों में प्रवेश से वंचित है। यदि तीर्थयात्राओं के संदर्भ में इस बात समझने की कोशिश करें तो हमें भीमराव अंबेडकर के वाङमय में कुछ उदाहरण मिलते है। जातिय मानसिकता को बदलने की बात वे अपने लेखन में करते हैं।

समाज में शूद्रों की दयनीय स्थिति, उत्पीड़न, हिंसा, अस्पृश्यता जैसे व्यवहार से पीड़ित होने के कारण डॉ. भीमराव अंबेडकर ने विदेश से अनेक विषयों में उपाधि ग्रहण कर अपने देश में जब लौट आये तो अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। देश में दलितों को पीने के पानी, साफ हवा, स्वच्छ स्थान व संपत्ति के संग्रहण संबंधी अनेक बंधिशों के साथ सवर्ग समुदाय के व्यक्ति की बेगारी भी करनी पड़ती थी। इन्हीं कारण की पड़ताल करते हुए वे हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों के पास जाते हैं। मनुस्मृति दहन का ऐतिहासिक कदम उन्होंने उठाया। शोषण व अत्याचार का आधार होने के कारण वे अनेक पहलुओं की जाँच के साथ तथ्यो के साथ अंग्रेजी सरकार के सामने दलित जीवन की सच्चाई को रखकर एक नये नेतृत्व दलितों को प्रदान करते हैं। यात्रा संबंधी उनकी बातों को समझने के कुछ तथ्यों के उदाहरण से

तीर्थयात्राओं में दलितों के साथ किए जाने वाले व्यवहार को समझने की कोशिश की जाएगी।

"मराठा राज्य में पेशवाओं के शासन में यदि कोई हिंदू सड़क पर आ रहा होता था तो किसी अछूत को इसलिए उस सड़क पर चलने की अनुमति नहीं थी कि उसकी परछाई से वह हिंदू अपवित्र हो जाएगा। अछूत के लिए यह आवश्यक था कि वह अपनी कलाई या गर्दन में निशानी के तौर पर एक काला धागा बांधे, जिससे कि हिंदू गलती से उससे छूकर अपवित्र हो जाने से बच जाए। पेशवाओं की राजधानी पूना में किसी भी अछूत के लिए अपनी कमर में झाड़ू बाँधकर चलना आवश्यक था, जिससे कि उसके चलने से पीछे की धूल साफ होती रहे और ऐसा न हो कि कहीं उस रास्ते से चलने वाला कोई हिंदू उससे अपवित्र हो जाए"।(संपूर्ण वाङ्मय, खंड-1, पेज-56)

"एक बहुत ही नई घटना की सूचना जयपुर रियासत में चकवारा में मिली है। समाचार-पत्रों में छपी सूचना से पता चलता है कि चकवारा के एक अछूत ने जो तीर्थ-यात्रा के बाद घर लौटा था, अपने धार्मिक अनुष्ठान को पूरा करने के लिए गाँव के अपने अछूत भाइयों को भोज देने की व्यवस्था की थी। मेजबान की इच्छा थी कि मेहमानों को बहुमूल्य भोजन खिलाया जाए और घी से युक्त व्यंजन भी परोसे जाएं। किंतु जिस समय अछूत लोग भोजन कर रहे थे तो सैंकडों की संख्या में हिंदू लाठियाँ लेकर वहां दौड़े और भोजन को खराब कर दिया तथा अछूतों को बुरी तरह से पीटा। परोसे गए भोजन को छोड़, मेहमान अपनी जान बचाने के लिए भाग गए। नि:सहाय अछूतों पर ऐसा प्राणघातक आक्रमण क्यों किया गया? इसका जो कारण बताया गया है, वह यह था कि अछूत मेजबान इतना धृष्ट था कि उसने घी का प्रयोग किया और उसके अछूत मेहमान इतने मूर्ख थे कि वे उसे खा रहे थे। घी नि:संदेह अमीरों के लिए एक विलास की वस्तु है। किंतु कोई भी यह नहीं सोचेगा कि घी ऊंचे सामाजिक स्तर का प्रतीक है। चकवारा के हिंदुओं ने इसका दूसरा अर्थ लिया और उन अछूतों द्वारा उनके साथ की गई गलती के लिए हिंदुओं के धार्मिक क्रोध में उनसे बदला लिया, जिन्होंने अपने भोजन में घी परोसकर उनका अपमान किया था। उन्हें यह जानना चाहिए था कि वे हिंदुओं के सम्मान की बराबरी नहीं कर सकते। इसका यह अर्थ है कि किसी अछूत को घी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसा करना हिंदुओं के प्रति उद्दडता है। यह घटना पहली अप्रैल, 1936 की है"। (संपूर्ण वाङ्मय, खंड-1, पेज-58)

सार्वजनिक स्थान पर विचरण की स्थिति के संदर्भ में एक जगह वे लिखते हैं कि "मद्रास राज्य में पूरड वन्नन के बारे में कहा जाता है कि उन्हें दिन में विचरण करने की इजाजत नहीं होती क्योंकि उनका दर्शन भी अपवित्र माना जाता है। लोगों को रात्रि के समय कार्य करने के लिए मजबूर किया जाता है। वे अंधेरा होने पर अपने घर से निकल सकते है और तब वापस लौटते हैं, जब बिज्जू रीझ के समान किसी भी प्राणी की झूठी आवाज सुनते है"। (संपूर्ण वाङ्मय, खंड-6, पेज-120)

"मेवाड़ में हरिजनों पर बहुत सारी बंदिशें लगी हुई हैं। वे मंदिरों में नहीं घुस सकते और न ही सार्वजनिक कुओं से पानी ले सकते हैं। वे मंदिरों में नहीं घुस सकते और न ही सार्वजनिक कुओं से पानी ले सकते हैं। त्यौहारों में और जूलूस में सवर्ण

हिंदुओं के साथ नहीं चल सकते। वे अपनी रथयात्रा या झाँकियाँ उन रास्तों से या उन दिनों नहीं निकालेंगे जब हिंदू निकालते हैं, वे गाँव से किसी सवारी पर सवार होकर नहीं गुजर सकते"।(संपूर्ण वाङ्मय, खंड-9, पेज-95)

"15 अगस्त, 1938 को रात के दस बजे इलाहाबाद जंक्शन के पास एक धर्मशाला में ठहरने के लिए गया, तो मुझे ठहरने में कोई परेशानी नहीं हुई। मैने बतौर पेशगी एक रुपया दिया, चारपाई ली और उस पर बिस्तर लगा दिया। लेकिन जब धर्मशाला में रहने वाले लोग मैनेजर के पास अपना पता लिखाने गए और जब मैंने अपना पता लिखाते समय अपनी जाति जाटव लिखी, तब मैनेजर आग-बबूला हो गया और उसने कहा कि यह धर्मशाला नीच जाति के लोगों के ठहरने के लिए नहीं है। उसने मुझे तुरंत धर्मशाला छोड़कर चले जाने को कहा। मैंने उससे कहा कि धर्मशाला के नियमों के मुताबिक यह धर्मशाला सिर्फ हिंदुओं के ठहरने के लिए है और किसी अस्पृश्य के ठहरने पर कोई पाबंदी नहीं है। मैंने यह भी कहा कि मैं फर्रुखाबाद का रहने वाला हूं और मैं इलाहाबाद में किसी को नहीं जानता हूं। मैं रात के ग्यारह बजे कहाँ जाऊँ। इस पर मैनेजर आपे से बाहर हो गया और उसने रामायण की यह चौपाई दोहराते हुए (ढोल गंवार शूद्र पशु नारी, ये सब सकल ताड़न के अधिकारी) कहा कि एक नीच जाति का होने के बावजूद नियम-कानून की बात करने का दुस्साहस करता है। तेरी जब तक पिटाई न की जाएगी, तू बाहर नहीं जाएगा। तब एकाएक उसने मेरा बिस्तर और अन्य सामान उठाकर धर्मशाला से बाहर फेंक दिया। वहाँ खड़े सभी लोग मुझे पीटने के लिए तैयार हो गए। स्थिति की गंभीरता को समझकर मैंने तुरंत धर्मशाला छोड़ दी और मैं उसके सामने वाली एक दुकान से लगे तख्ते पर आकर लेट गया। मुझे उस दुकानदार को रात-भर के लिए किराए के रूप में दो आने देने पड़े। मैं अपने अनुसूचित जाति के भाईयों से अपील करता हूँ कि वे जगह-जगह मीटिंग करें और सरकार पर इस बात के लिए जोर डालें कि वह या तो हम लोगों के लिए अलग धर्मशाला बनवाए या सभी मौजूदा धर्मशालाएँ हम लोगों के लिए भी खोल दे"। (संपूर्ण वाङ्मय, खंड-9, पेज-80)

सवाल यह है कि भारत में लाखों दरिद्र अपनी कीमती व मामूली चीजों को भी गिरवी रखकर तीर्थयात्रा या कहें कि बनारस, मक्का मदीना क्यों जाते है? क्योंकि व्यक्ति के ऊपर धर्म सत्ता का राज होता है। जो पुण्य की गठरी में बंधकर सुख-दुख (स्वर्ग-नर्क) की आस बंधाता है। जीवन में गृहस्थ की चिंताओं से उबरने का स्वप्नलोक बनाता है। वहीं दूसरी तरफ धर्म सत्ता का भी स्तोत है।

"आगरा के एक चमार ने किसी ब्राह्मण को उसके घर में विष्णु की मूर्ति की पूजा करते हुए देख अपने घर में भी ऐसा ही किया। जब ब्राह्मण को इसका पता चला तो वह गुस्से से लाल-पीला हो उठा। उसने बहुत से गाँव वालों की सहायता से अभागे हरिजन को पकड़, उसकी जमकर पिटाई की और कहा, तुझे भगवान विष्णु की पूजा करने की हिम्मत कैसे हुई? इसके बाद उन्होंने उसके मुंह में कीचड़ भरकर छोड़ दिया। चमार ने हताश होकर हिंदू धर्म त्याग दिया और इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया"। (संपूर्ण वाङ्मय खंड-9, पेज-66)

**डॉ. छोटू राम मीणा**
सह-आचार्य, हिंदी विभाग
देशबंधु कॉलेज, कालकाजी, नई दिल्ली-110019

# संघर्षशील निम्न वर्ग और समकालीन कहानियाँ

समकालीन कहानी का फलक बहुत व्यापक हैं। इसमें शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब, उपेक्षित, संघर्षशील वर्ग को पूरी जीवंतता के साथ उजागर किया गया है। समकालीन कहानिकारों ने जिस संघर्षरत निम्नवर्ग को अपनी कहानियों में स्थान दिया। वह अपनी आर्थिक, सामाजिक स्थिति के कारण सदैव शोषण, दमन, यातना का शिकार होता रहा है वह आज तक न तो सामाजिक सम्मान हासिल कर सका और न ही कोई विशेष उपलब्धि । निम्न वर्ग छोटी से छोटी चीजों के लिए संघर्ष करता है। आजादी से लेकर अब तक भी निम्न वर्ग की स्थिति में कोई खास परिवर्तन नही हुआ है। आज भी उसे रोजी-रोटी के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ता है।

समकालीन कहानियों में निम्न वर्ग की उपस्थिति सर्वाधिक है कथाकार कहानी में निम्न वर्ग की स्थिति का चित्रण प्रत्यक्ष रूप से न कर उसकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति इस रूप में अभिव्यक्त करता है कि निम्न वर्ग अपनी भयावहता के साथ संपूर्णता में आंखों के सामने चलचित्र की तरह घूम जाता है। निम्न वर्ग जीवन भर शोषण की चक्की में पिसता है उसे अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए जीवन प्रयत्न संघर्ष करना पड़ता है। समकालीन कहानीकार सीधे-सीधे निम्न-वर्ग के जीवन में झाँकता है वह उनके लिए संवेदनशील है। निम्न वर्ग के लोगों के पास आय का कोई ठोस विकल्प नहीं होता है आर्थिक कमजोरी के कारण वो साधारण जीवन जीने के लिए बाध्य होता है। वे छोटे-मोटे पेशे या मजदूरी से अर्जित आय पर निर्भर होते हैं। उनकी आय इतनी कम होती है कि वो दिन-रात मेहनत करने के बाद भी दो वक्त की रोटी का जुगत नहीं कर पाते। यह वर्ग समाज में उपेक्षित रहता है और जीवन भर वह छोटी से छोटी जरूरत की चीजों को हासिल करने के लिए कठिन संघर्ष करने के लिए विवश रहता है। 'प्रेत मुक्ति' कहानी में संजीव लिखते है कि- ''अब चने फाँक-फाँककर, माड पी-पीकर दिन कटने लगे थे जगेसर के। बीमारियाँ आती, बिना दवा-दारु के, प्रतिरोध के निचोड़कर चली जाती। जगेसर फिर टहलने लगता अपनी हाफ पैंट और कमीज पहनकर। मौसम बदलते, लेकिन जगेसर के लिए दुनिया जस की तस पड़ी रहती। जगेसर ने अब यह सिद्धांत बना लिया था कि पूरी कमाई तो पूरा खाना, कमाई नही तो खाना नहीं।''[1]

निश्चित रूप से ग्रामीण वर्ग किसी तरह जोड़-जुगाड़ कर अपना जीवन यापन करते है। एक आम आदमी किसी तरह कच्चा घर बना लेता है तो अगली ही बारिश में वह घर गिर जाता है। अवधेश प्रतीत अपनी कहानी 'उफान' में लिखते है- ''गांव पहचान में नहीं आ रहा था। झोपड़िया वह गई थीं कच्ची दीवारें गिर चुकी थीं। घर के घर उजड़ चुके थे। सारे लोग माथे पर हाथ रख कर बैठ गए थे।... लोगों के पास रखा अपना सळा-चना भी खत्म हो चुका था। भूख के मारे सबका हाल खराब था। धीरे-धीरे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। सभी एक-दूसरे की तरफ असहाय भाव से देखते। माँएं बच्चों को छाती का दूध पिला-पिलाकर निचुड़ चुकी थीं। आखों में आंसू

और आँतों में ऐंठती हुई भूख का भयावह दौर शुरू हो गया था।''[2] संघर्षशील निम्न वर्ग इसी तरह भूखा रह-रहकर निराशा भरी जिन्दगी जी रहा है। शिवमूर्ति अपनी कहानी 'अकालदंड' में अकाल का चित्रण करते हुए लिखते है- ''खोराक खींचने से अभी भी पीछे हटने को तैयार नहीं लेकिन। दूर-दूर तक जहाँ तक दृष्टि जाती है, ऊपर नीला आसमान और नीचे तपते वीरान खेतों के बड़े-बड़े चक। बेवाई की तरह फटी हुई धरती। नंगे ठूठ पेड। पेड़ों के पत्ते सूखकर झड़ चुके है या मवेशियो के पेट में चले गए है। बकरे-बकरी लोगों के पेट में चले गए हैं और गाये भैंसे बिक चुकी हैं। लेकिन बांधकर रखें तो खिलाएं क्या? गले से 'पगहा' खोलकर हांक दे रहे हैं लोग-जाओं 'फिरी' कर दिया आज से। 'सुतंत्र हो। मरने के लिए सुतंत्र। नेह-नाता तोड़ो। चारे पानी की खोज करते मरो। लेकिन दूर जाकर। दुर्गंध से तो बचा दो गांव को। इन फिरी हुए जानवरों को बड़े-बड़े कोयों से आंसू बहाते देखा जा सकता है। मरने का इंतजार पेड़ के ठूंठ पर बैठे गिद्धों को कभी-कभी तीन-तीन चार-चार दिन करना पड़ जाता है।''[3] संघर्षशील निम्न वर्ग को आए दिन किसी-न-किसी रूप में प्राकृतिक आपदा से जूझना पड़ता है और उनका सारा जीवन लाचारी तथा बेबसी में व्यतीत होता है। ऐसी स्थिति में गांव के पशु-पक्षियों की स्थिति भयावह हो जाती है।

समकालीन कहानीकारों ने अपनी कहानियों में यह दिखाया है कि निम्नवर्ग की पारिवारिक आर्थिक स्थिति सही न होने पर बच्चों को भी मेहनत-मजदूरी के लिए बाध्य होना पड़ता है। देखा जाए तो उनके लिए न तो स्कूलों में सम्मानपूर्वक पढ़ने की व्यवस्था है और न ही उन्हें कोई बुनियादी सुविधा मुहैया करायी जाती है। अगर स्कूल है भी तो वह पढ़ने के स्थान पर किसी अन्य कार्य के लिए उपयोग किया जाता है। मधुकर सिंह ने 'माई' कहानी में लिखा है- ''गांव में एक प्राइमरी स्कूल था, जिसमें मुखिया का भूसा रहता था। दरअसल स्कूल की दीवारें बाढ़ और बरखा से खराब होकर ढह गयी थी। फिर भी छप्पर राम भरोसे लटका हुआ था। जो हर वक्त चूता रहता था। मुखिया ने एक काम यह किया कि बाँस की थुम्मी गाढ़कर छप्पर को किसी तरह टिकाए रखा था और ऊपर से पलाश और खर-पात बिछा दिया था। बरसात में तो एक तरह से स्कूल बन्द ही रहता। परन्तु रजिस्टर पर स्कूल खुला छोड़ दिया जाता था। अच्छे और सम्पन्न बाबुओं के लड़के दूसरी जगहों में पढ़ते-लिखते थे। इसलिए चिन्तित होने की कोई खास बात भी नहीं थी। गाँव के लड़कों को आवारागर्दी के लिए महज एक अड्डा था। बुरे कामों के लिए भी स्कूल का व्यवहार होता था।''[4] इस तरह निम्न वर्ग के बच्चे अच्छी शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते है। परिणाम-स्वरूप उन्हें आजीवन दूसरों के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है। दूसरों पर आश्रित होना उसका स्वभाव या प्रकृति नही होती, बल्कि उसकी मजबूरी होती है। अरूण प्रकाश की कहानी 'भैया एक्सप्रेस' में लिखते है- ''दसवी का इम्तिहान खत्म होते ही माई पंजाब जाने-आने के लिए पैसे का इंतजाम करने लगी थी। गांव का कोई आदमी मार-काट की वजह से पंजाब जाकर उसके भैया विशुनदेव को ढूँढने को तैयार नहीं था कई लोगो से मिन्नत करने के बाद, माई रामदेव को ही पंजाब भेजने का तैयार हो गई पैसो की समस्या साँप की तरह फन काढ़े फुफकार रही थी। पुश्तैनी पेशा- अनाज भूनने

में क्या रखा है? कनसार में अनाज भुनवाने लोग आते नहीं। मकई की रोटी अशराफ लोग खाते नहीं। दाल इतनी मंहगी है कि लोग चने की दाल बनवाएंगे कि कनसार में चना भुनवाकर सळा बनवाएंगे? उस पर इतनी मेहनत-गांव के बगीचों, बंसवाड़ियों में सूखे पळो बटोरकर जमा करों, उन्हें जलाकर अनाज भूनकर पेट की आग ठंडी करो। किसी तरह एक शाम का भोजन जुट पाता। आखिर माई उपले थापकर, गुल बनाकर बेचने लगे थी। तब किसी तरह भोजन चलने लगा। लेकिन कोई काम आ पड़ता तो कर्ज लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता था।''[5] इस तरह से निम्न वर्ग तमाम मुसीबत-परेशानी उठाकर भी अपनी स्थिति सुधारने का संघर्ष करते है पर वास्तव में वह पहले की तुलना में कही ज्यादा मुश्किलो में उलझ जाते है।

समकालीन कहानीकारों ने निम्न वर्ग के यथार्थ स्थिति को बिना लाग-लपेट के अपनी कहानियों में अभिव्यक्त किया है। निम्न वर्ग धर्म की रूढ़ियों, रीति-रिवाजों, अंधविश्वासों में जकड़ा हुआ है। धर्म, ईश्वर के नाम पर किसान, मजदूर ठगे जाते है निम्नवर्ग की स्थिति सदैव संकटपूर्ण रहती है जब हालात और बुरे हो जाते है जब उच्च वर्ग उनके बाप-दादा का कर्जा जीवन भर बाप से लेता है और उसके मरने के बाद भी उनके परिवार को बंधुआ बना लेता है 'पुतला' कहानी इसका उदाहरण है उदय प्रकाश लिखते है- ''पंडित गयादीन चौधरी भजनलाल के जमाने की लाल रंग की टीप वही लेकर बैठे थे। उन्होंने किशनू के बाप ठूनू पासी के द्वारा लिये गये कर्ज का टीपना पढ़ा। किशनू ने कहा, 'लेकिन पंडित, मेरा बाप तो बाईस साल तक यही चौधरी की ड्योढ़ी पर खटते-खटते मर गया। पंडित गयादीन ने आँखे तरेरी और मय सूद के हिसाब लगाया तो सोलह सौ रुपये बैठे। किशनू की तबियत मिर्च हो गयी। उन्होंने ठूनू पासी का निशानी अँगूठा भी कागज पर लगा दिखाया। किशनू के भीतर एक अकबकाहट गुड़-गुड़ हो रही थी लेकिन इतने खूँखार गिद्ध लोगों के सामने कुछ कहते ही देह की खैर नहीं थी। चुप लगा गया।''[6] उच्च वर्ग इस तरह निम्न वर्ग का खूब शोषण करता है।

समकालीन कथाकारों ने शोषित वर्ग की निधनता, उसकी फटेहाल जिन्दगी, असुविधायें, तकलीफों को तो उभारा ही है साथ ही किसान को समकालीन व्यवस्था की मजबूरियों के कारण मजदूर बनने को विवश होते हुए दिखाया गया है। 'केक' कहानी में असगर वजाहत दिखातें है कि किसान अब बस सिर्फ सपने ही देखते है कि वो कभी किसान थे- ''नीचे सड़क पर बालू वाले ट्रक गुजर रहें है लदी हुई बालू के ऊपर मजदूर सो रहे है जो कभी-कभी किसान बन जाने का स्वप्न देख लेते हैं, अपने गाँव की बात करते हैं, अपने खेतों की बात करते है, जो कभी उनके थे।''[7] मजदूर चाहे जितनी भी मेहनत कर ले, उसे अपनी हालातों से जिन्दगी भर निजात नहीं मिलती है। यही उनकी सबसे बड़ी विंडबना है। वर्तमान कहानीकार व्यवस्था विरोधी स्वर की कहानियों की सर्जना में काफी सफल हुए है। साथ ही वर्ग शत्रुओं के शोषण के तमाम साधनों को बेनकाब करने में भी। इन कहानीकारों ने निम्न वर्ग की यथास्थिति के लिए वर्तमान व्यवस्था को ही जिम्मेदार ठहराया है।

वर्तमान पूँजीवादी व्यवस्था में ईमानदारी, मेहनती और सच्चे इन्सान की कोई कदर नहीं होती, ऐसे लोग मुश्किल से पेट भरते है। दरअसल निम्नवर्ग में कुछ जातियाँ ऐसी भी है जो अपना पेट भरने के लिए पशुओं की खाल उतरती है और उन पैसों से अपने परिवार का पालन-पोषण करते है। अब्दुल बिस्मिल्लाह की कहानी 'खाल खींचने वाले' इसका सशक्त उदाहरण है- ''दोपहर होते-होते वह आध बैल को खलिया निकालने में सफल हो गया। लेकिन भूख से उसकी अंतड़ियां अब उलटने लगी थीं और खिचड़ी बालों से भरा हुआ उसका बूढ़ा चेहरा सूखे हुए कद्दू की तरह मुचमुचा गया था। मुनेसर का जोड़-जोड़ टूटने लगा था और जी हो रहा था कि एक बा रवह सुस्ता ले। लेकिन वक्त बहुत कम था अभी बैल को पलटना भी था दूसरी ओर खलियाने के लिए अत: रांपी उसने रख दी और बैल को उलटने की कोशिश में जुट गया। एक बार बैल की टांगों को उठाकर उसने चाहा कि लाश को एक झटके के साथ पलट दें, लेकिन क्षण-भर में ही उसे मालूम हो गया कि अब वह पट्ठा शरीर नहीं रहा। भुनेसर बुरी तरह हांफने लगा और सिर थामकर बैठ गया।''[8] इतना मेहनत करने के बाद भी उसे अपने काम का उचित मूल्य नहीं मिलता। वह सोचता है कि उसे इस खाल के पच्चीस रूपये तो मिल ही जाएगें जिससे वो फिर पाँच रूपये तो मालिक हक के दे देगा और बाकी बचे बीस रुपये में वो अपनी पत्नि बसंती के लिए घर का सामान लेकर जाऐगा। लेकिन भुनेसर का यह सपना जल्दी ही टूट जाता है। जब वो इस खाल को मंडी में बेचने जाता है तो मालिक सिर्फ इस पूरी खाल के पंद्रह रुपये देने के लिए मुनीम से कहता है और चला जाता था। भुनेसर पूरी कोशिश करता है बड़े मियां से बात करने की पर बड़े मिया के पीछे इतनी भीड़ थी कि वो उसकी बात ही नहीं सुनते और चले जाते हैं। निम्न वर्ग की सबसे बड़ी बिडम्बना है कि वो कठिन परिश्रम करने के बावजूद अपने श्रम का उचित मूल्य प्राप्त नहीं होता। परिमाणत: वह अपनी मूलभूत आवश्कताएं पूरी नहीं कर पाता। वह सदैव जटिल परिस्थितियों से संघर्ष करता हुआ निम्न वर्ग की यथास्थिति बनाये रखते है।

निम्न वर्ग में संघर्ष करने का अदम्य साहस होता है। इसलिए वह आसानी से हार नहीं मानता है और जीवन के अंतिम समय तक संघर्ष करने के लिए तैयार रहता है। निम्नवर्ग अपने जीवन से कभी निराश नहीं होता, जीवन के प्रति सकारात्मक सोच बनाए रखता है। जातीय, क्षेत्रीय, धार्मिक और परम्परागत मूल्यों से संघर्ष जीवन प्रयत्न करता है। यह बात दीगर है कि निम्न वर्ग के जीवन का अधि काधिक समय संघर्ष में ही बीतता है। उन्हें इस बात का भी आभास है कि उनकी ऐसी स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है। साधन सम्पन्न वर्ग अपनी ताकत का गलत प्रयोग करके निम्न और वंचितों को दबा देते। 'मैगेयी पुष्पा' की 'छुटकारा' कहानी में ''ध न्नो डलिया-खपरा उठाए संडास कमाने चल दी। सबसे पहले डंबर प्रसाद की संकरी गैलरी का रास्ता लिया और पीछे की ओर से मैला सकेरने लगी। ऊपर की मंजिल वाले संडास में चढ़कर किसी ने हगा, गरम-गरम टट्टी छन्नों की बाँह पर गिरी। 'एड, तेरी कफन-काँटी कर लूँ, तेरी....। उसके मुँह से बेतहाशा गाली निकली। पंडितानी सामने आ गई। बोली, 'कफन-काँटी करना अपनी बेटी की'।''9

अपशब्द और अपमान झेलने पर भी उन्हे मल-मूत्र साफ करना ही पड़ता है क्योंकि उनके पास कोई और विकल्प नहीं है। वे खुद को असहाय निहत्थे तथा बेबस मानकर अपनी ऐसी स्थिति को अपनी नियति मान बैठते हैं।

निम्न वर्ग की कहानियों में आदमी व्यवस्था से जूझता अधिकळार पाया गया है। आर्थिक विवशताओं से त्रस्त यह वर्ग कभी तो टूटता हुआ, कभी जूझता हुआ, कभी अपनी ही धुन में, मस्ती में झूमता हुआ, तो कभी चाहत पूरी न होने के कारण उद्विग्र व्यवस्था से समझौता कर लेता है तो कहीं उसके प्रति आक्रोश से भर उठता है। इस प्रकार विभिन्न रूपों में वह हमारे सामने आता है।

स्पष्ट है कि समकालीन कथाकारों ने संघर्षशील निम्न वर्ग के जीवन तथा उसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक स्थिति का चित्रण बखूबी किया है। कहानीकारों ने अपनी-अपनी कहानियां में स्पष्ट दिखाया है कि निम्न वर्ग किन विषय परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करता है। वह प्रत्येक उस सुविधा से वंचित है जिसका वह सही मायनों में हकदार है। परन्तु वह अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा कर पाने में असमर्थ रहा। आजीविका के लिए दर-दर की ठोकरे खाना उसकी नियति बन गई।

**संदर्भ**


1. संजीव, 10 प्रतिनिधि कहानियाँ, प्रकाशक-किताब घर प्रकाशन, 4855-56/24, अंसारी रोड, दरियागंज नई दिल्ली- 110002, पृ. 47
2. अवधेश प्रीत, कोहरे में कंदील, प्रकाशक- अंतिका प्रकाशन, सी-56/यूजी एफ-4, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन-2 गाजियाबाद-201005, पृ. 104
3. शिवमूर्ति, केशर कस्तूरी, राधाकृष्ण प्रकाशन, 1-बी नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज,
4. मधुकर सिंह, 10 प्रतिनिधि कहानियाँ, प्रकाशक-किताब घर, 4855-56/24, अंसारी रोड, दरियागंज, पृ. 93
5. अरूण प्रकाश, स्वप्न घर, प्रकाशक- पेगुइन बुक्स इंडिया प्रा. लि. 11 कम्युनिटी सेंटर पंचशील पार्क नई दिल्ली-110017 पृ. 30
6. उदय प्रकाश, दरियाई घोड़ा, प्रकाशक- वाणी प्रकाशन, 4695-21- दरियागंज पृ.77
7. असगर वजाहत, मैं हिन्दू हूँ, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. 1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग नई दिल्ली -110002 संस्करण-2007 पृ. 28
8. अब्दुल बिस्मिल्लाह, अतिथि देवो भव, राजकमल प्रकाशन, प्रा. लि. नेताजी सुभाष मार्ग नई दिल्ली-110002 आवृळा-2007 पृ. 59
9. मैत्रेयी पुष्पा, 10 प्रतिनिधि कहानियाँ, प्रकाशक- किताबघर प्रकाशन, 4855-56/24, अंसारी रोड, दरियागंज पृ. 83


**डॉ. सीमा कुमारी**
हिंदी विभाग

# आधुनिक भारत के सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागरण के पुरोध संत श्री नारायण गुरू

भारत में सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागरण के पुरोधा श्री नारायण गुरु का जन्म दक्षिण भारत के केरल में एक साधारण से परिवार में 1854 में हुआ था। हालाँकि भद्रा देवी का मंदिर उनके घर के बगल में था जिसकी वजह से एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल उन्हें बचपन में ही मिल गया था। नारायण गुरु को बचपन में 'नानू' नाम से पुकारा जाता था चूंकि नानू का जन्म अछूत परिवार में हुआ था अत: उसे अपने गुरु के घर के बाहर रहकर अध्ययन करना पड़ा। अपनी मेहनत और परिश्रम के बल पर नानू एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी सिद्ध हुआ और उसने अपने सभी साथियों से आगे निकलकर कम समय में शिक्षकों के सामने संस्कृत भाषा में अपनी विद्वता सिद्ध कर दी। संस्कृत में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् 1881 में नानू अत्यधिक बीमार पड़ गये और उसे वापस घर लौटना पड़ा। रोगमुक्त होने के बाद उन्होंने अपने पैतृक गांव में और आस-पास के क्षेत्रों में छोटे-छोटे विद्यालय खोलने का निर्णय लिया। यहीं से उन्होंने स्थानीय समाज के बालकों, विशेषकर पिछड़े वर्ग के बालकों में ज्ञान और शिक्षा का प्रसार आरम्भ किया। कम उम्र में ही घर का त्याग करके नानू आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में निकल गए। उन्होंने योग-शिक्षा ली, मारूतवमलै की गुफाओं में साधना की, कठोर अनुशासन का व्रत साधा। व्यक्तित्व के विकास और गुण-सम्पन्नता हेतु कर्म और गति का दौर शुरू हुआ।

वस्तुत: यह दौर उनके जीवन में कड़े मानसिक संघर्ष का दौर रहा। एक ओर तो उन्हें परिवार के भरण-पोषण की चिंता करनी थी तो दूसरी ओर उनके भीतर आध्यात्मिक उन्नयन और यथार्थ के अनुभव को पाने की तीव्र उत्कंठा हिलोरें मार रही थी। काफी समय बाद श्री नारायण गुरु लोगों के बीच लौटे। वे गांव-गांव घूमे, जो भोजन मिला, उसे खाया, समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ रहे, पिछड़े और अछूत समझे जाने वाले वर्ग से घुले-मिले। सभी लोग उनसे प्रभावित हुए, उनके प्रति श्रद्धा जगी। उनके सब कामों पर उन्मुक्त आध्यात्मिक जीवन की तीव्र इच्छा की झलक दिखने लगी थी। नारायण गुरु के समय समाज वर्ण व्यवस्था और जाति के बंधनों में बुरी तरह जकड़ा हुआ था, ऐसे समय में पहली बार नारायण गुरु ने एक ऐसे मंदिर की स्थापना की जिसके द्वार सबके लिए खुले थे। दक्षिण केरल में नैयर नदी के किनारे एक जगह है अरुविप्पुरम। वह केरल का एक खास तीर्थ स्थान है। नारायण गुरु ने यहां एक मंदिर बनाया। एक नजर में वह मंदिर दूसरे मंदिरों जैसा ही लगता था। लेकिन एक समय में उस मंदिर ने इतिहास रचा था।

अरुविप्पुरम का मंदिर इस देश का शायद पहला मंदिर रहा है, उस समय जहां बिना किसी जातिभेद के कोई भी पूजा कर सकता था। जाति के बंधनों में जकड़े समाज ने इस पर बड़ा हंगामा खड़ा किया। वहां के ब्राह्माणों ने उसे महापाप करार

दिया था। हालाँकि इसकी प्रतिक्रिया में नारायण गुरु ने कहा था – ईश्वर न तो पुजारी है और न ही किसान। वह सबमें है। नारायण गुरु मूर्तिपूजा के विरोधी नहीं थे। लेकिन वह ऐसे मंदिर बनाना चाहते थे, जहां कोई मूर्ति ही न हो। वह राजा राममोहन राय की तरह मूर्तिपूजा का विरोध नहीं कर रहे थे। वह तो अपने ईश्वर को आम आदमी से जोड़ना चाह रहे थे। आम आदमी को बिना भेदभाव के वे एक ईश्वर देना चाहते थे। श्री नारायण गुरु ने महसूस किया कि उस समय तथाकथित नीची जातियों में हीन भावना बहुत अधिक है, सैकडों वर्षों के शोषण ने उन्हें तोडकर उनका आत्मविश्वास शून्य कर दिया है, शिक्षा का अभाव है, उनके पास अच्छे रोजगारों के अवसर नहीं के बराबर हैं, आर्थिक विपन्नता और अपने ऊपर थोपे गये अमानवीय सामाजिक नियमों के कारण वे गंदे ढंग से रहने-जीने और खाने के आदी हो गये हैं और इसे ही वे अपनी नियति मानते हैं। सभी अधिकारों से वंचित इनकी व्यथा और पीडा को उन्होंने गहराई से महसूस किया। उनका कहना था कि छीनकर लिये गये अधिकार स्थाई नहीं होते, बल्कि दूसरी समस्याओं को जन्म देते हैं। लोगों ने शिकायत की कि उनके बच्चों को स्कूलों में नहीं जाने दिया जाता, उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के लिये स्कूल स्वयं बनायें और उन्हें इतनी अच्छी तरह चलाओ कि वे भी तुम्हारे स्कूलों में अपने बच्चों को भेजने को इच्छुक हो जाएं। लोगों ने कहा कि उन्हें मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता, उन्होंने कहा कि न तो जबर्दस्ती प्रवेश करने की जरूरत है और न प्रवेश की अनुमति के लिये गिडगिडाने की आवश्यकता है, अपना मंदिर स्वयं बना लो. और आखिरकार इस तरह के मंदिर बन गए। मंदिर परम्परा से एकदम अलग थे, एक मंदिर में उन्होंने एक शीशा और दूसरे में दीपक स्थापित कर कहा कि इनकी ही पूजा करो क्योंकि भगवान तो कण-कण में विद्यमान हैं। उन्होंने सनातन धर्म के दायरे में रहते हुए ही समस्त मानवता के लिये 'एक जाति, एक धर्म और एक भगवान' का सिद्धांत प्रतिपादित किया। श्री नारायण गुरु ने  नीची समझी जाने वाली जातियों के बच्चों को शिक्षित किया ताकि बड़े होकर वे मंदिरों में अच्छे पुजारी बनें। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया ताकि ये लोग हीन भावना से ऊपर उठकर अपना जीवन स्तर सुधार सकें, आर्थिक रूप से सबल बनकर सिर उठाकर चल सकें।

दरअसल वह एक ऐसे धर्म की खोज में थे, जहां आम से आम आदमी भी जुड़ाव महसूस कर सके। वह नीची जातियों और जाति से बाहर लोगों को स्वाभिमान से जीते देखना चाहते थे। उस समय केरल में लोग ढेरों देवी-देवताओं की पूजा करते थे। निम्न जाति के लोगों के अपने-अपने आदिम देवता थे। ऊंची जाति के लोग उन्हें नफरत से देखते थे। नारायण गुरु ने उन्हें ऐसे देवी-देवताओं की पूजा के लिए लोगों को निरुत्साहित किया जिसमे ऊंच नीच का भाव हो। उसकी जगह नारायण गुरु ने कहा था कि 'सभी मनुष्यों के लिए एक ही जाति, एक धर्म और एक ईश्वर होना चाहिए'। नारायण गुरु एक ऐसा मंदिर बनाना चाहते थे, जिसमें किसी किस्म का कोई भेदभाव न हो। न धर्म का, न जाति का और न ही आदमी और औरत का। उसी दौर

में महात्मा गांधी समाज में दूसरे स्तर पर छुआछूत मिटाने की कोशिश कर रहे थे। वह एक बार नारायण गुरु से मिले भी थे। गुरुजी ने उन्हें आम जन की सेवा के लिए सराहा भी था। नारायण गुरु ने ही गांधीजी से कहा था कि अपने अखबार 'नवजीवन' का नाम बदल कर वे 'हरिजन' कर लें। गांधीजी ने उसी समय उनकी बात मान ली थी। दलितों के लिए 'हरिजन' तभी से कहा जाने लगा। कुछ दशक पूर्व केरल की हरी-भरी धरती सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का एक जीता-जागता उदाहरण थी। स्वामी विवेकानंद ने तो इसे एक 'पागलखाने' की संज्ञा दे डाली थी। एक तिहाई से ज्यादा आबादी अछूत मानी जाती थी और उनके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों के दरवाजे बंद थे। वे न केवल सरकारी नौकरियों से बाहर रखे जाते थे, बल्कि हिन्दू देवी-देवताओं की पूजा करने, मंदिर जाने तक पर पाबंदी थी।

आज भारत में केरल का नाम शिक्षा और समृद्धि में सबसे ऊपर आता है इसके पीछे नारायण गुरु का बहुत बड़ा योगदान रहा है। नारायण गुरु से पहले केरल ने कई शताब्दियों तक वर्ग व्यवस्था के क्रूरतम रूप को झेला था। यह वर्ग व्यवस्था कभी-कभी इतनी क्रूर हो जाती थी कि निम्न वर्ग के लोगों को न केवल अछूत माना जाता था बल्कि उन्हें लोगों की नजरों से भी दूर रखा जाता था। नीची जातिवालों के लिये मंदिर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थलों में प्रवेश वर्जित था, कूओं का इस्तेमाल वे कर नहीं सकते थे। नीची जाति के मर्द और औरतों के लिये कमर से ऊपर कपडे पहनना एक बडा गुनाह था। गहने पहनने का तो सवाल ही नही था। इन्हें अछूत तो समझा जाता ही था। उनकी परछाइयों से भी लोग दूर रहते थे। बडे लोगों से कितनी दूर खडे होना है वह दूरी भी जातियों के आधार पर निर्धारित थी - 5फुट से 30 फुट तक। कुछ जातियों के लोगों को तो देख भर लेने से छूत लग जाती थी- वे लोग चलते समय जोर-जोर से चिल्लाते जाते थे - 'मेरे मालिकों, मै इधर ही आ रहा हूँ, कृपया अपनी नजरें घुमा लें' विडंबना तो थी कि निम्न जातियाँ भी आपस में एक दूसरे को छोटा बड़ा समझती थीं और अपने से छोटी जातियों पर ब्राह्मणों से भी अधिक अत्याचार करती थीं। नीची जातियों के लोग अपने बच्चों के सुन्दर और सार्थक नाम भी नहीं रख सकते थे, नाम ऐसे होने चाहिये जिनसे दासता और हीनता का बोध हो। ऐसे किसी भी सामाजिक नियम का उल्लंघन करने पर मौत की सजा निर्धारित थी, भले ही उल्लंघन गलती से हो गया हो।

ऐसे समय में नारायण गुरु ने केरल में एक बड़ा सामाजिक परिवर्तन कर दिखाया इन्होने समाज को एक जुट कर सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण के क्षेत्र में युगांतकारी कदम उठाये इसी में एक कदम था केरल का 'वैकम सत्याग्रह' इस आंदोलन के तहत उन लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर लाने की मांग की जिन्हें समाज में उच्च वर्ग के लोगों के सामने आने की अनुमति नहीं थी और खासतौर से वैकम के मंदिरों में। पिछड़ी सोच के लोगों ने इसका घोर विरोध किया। मंदिर के अंदर ब्राह्मणों का भोजन करना ईश्वर की आराधना का प्रमुख हिस्सा माना जाता था जो लोग इस आंदोलन के खिलाफ थे उन्होंने इस विधि का समर्थन किया।

इसके बारे में दलील दी गई कि यदि अवर्णों, अछूतों को सड़कों पर या फिर मंदिर में आने की अनुमति दी जाएगी तो ईश्वर अपवित्र हो जाएंगे। अग्रणी समुदायों में कुछ ने इस मामले को निपटाने के लिए सत्याग्रह का रास्ता अपनाया तो बड़ी संख्या में जिसमें नायरों के अलावा हिंदुओं की कई जातियों के लोग शामिल थे। इसके कुछ समय बाद ही महात्मा गांधी ने मीनम 1100 में (1924) वैकम का दौरा किया और यहां कई अंधविश्वासी ब्राह्मणों तथा अन्य से बातचीत की जिसमें इस आंदोलन का कारण सामाजिक अन्याय को खत्म करने और मानवता के आधार पर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करने की बात की गई थी और सरकार ने मंदिर वाली सड़क अवर्णों अछूतों के लिए खोल दी। गांधी ने इसे 'बेड रॉक फ्रीडम' की संज्ञा दी थी, उनका कहना था कि यह लोगों के साथ बातचीत के आधार पर राज्य सरकार आजादी की दिशा में लिया गया एक बड़ा कदम है। बुद्धिजीवी और पर्यवेक्षकों की राय में केरल में यह बदलाव भारत के अनूठे सुधारवादी संत-महात्माओं में श्री नारायण गुरु के कारण हुआ है। श्री नारायण गुरु ने जमीनी स्तर पर सामाजिक व धार्मिक सुधार किए और केरल में ठोस तथा रचनात्मक सामाजिक सुधार लाने में सफल भी रहे। सामाजिक जड़ता के दौर में उन्होंने अद्वैत सिद्धान्त का प्रसार किया और 'भगवान के लिए सभी जन बराबर हैंश, का सूत्र गुंजाया।

गुरु नारायण के तरीकों ने लोगों में पश्चिमी शिक्षा के प्रचार को एक नई गति प्रदान की राज्य द्वारा शुरू की गई सहिष्णु योजना के तहत पिछड़े वर्ग की मांगों को पूरा करने का प्रयास किया। मंदिर में प्रवेश की घोषणा का लाखों त्रावणकोर निवासियों के लिए ही फायदेमंद नहीं रही बल्कि पूरे भारत पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ा और उम्मीद की एक नई किरण नजर आई। मंदिर में प्रवेश की घोषणा कुछ प्रकार से थी- 'अपने धर्म की सच्चाई और विश्वसनीयता से पूर्णतया इस बात पर विश्वास किया जा सकता है कि यह दिव्य मागर्दशन और सभी सम्मिलित सहिष्णुता के आधार पर यह समझा जा रहा है कि यह परंपरा आने वाली सदियों तक चलती रहेगी, इसे बदलते समय की जरूरत के अनुसार अपनाया जा रहा है, यह बात ध्यान देने योग्य है कि कोई भी हिंदू विषय जिसका जन्म वर्ग या समुदाय के कारण हुआ है वह हिंदू विश्वास की दया और सांत्वना नहीं है'। इसके अलावा भी उन्होंने कई और तरीकों का सुझाव दिया जिसके द्वारा परंपराओं की कठोरता मंदिर में अछूतों के लिए लचीले हो सकें। गांधीजी ने इसके प्रति उम्मीद जताते हुए कहा कि आशा है कि इस राज्य की तरह ही अन्य राज्य भी इसे अपना कर एक उदाहरण पेश करेंगे। मद्रास के प्रधानमंत्री ने इस घोषणा की चर्चा करते हुए कहा कि अशोक के बाद भारत में यह सबसे बड़ा धार्मिक सुधार है।

समाज कार्य में सबसे पहले श्री नारायण गुरु ने तिरुअनंतपुरम से 20 कि.मी. दक्षिण में आरूविपुरम में नेय्यार नदी के तट पर 1888 में शिव मंदिर की स्थापना की और इस मान्यता को ठुकरा दिया कि केवल एक ब्राह्मण ही पुजारी हो सकता है। हिन्दू मंदिरों में जिनका प्रवेश वर्जित था,

वे इस मंदिर में निर्बाध आ सकते थे। मंदिर के ही निकट उन्होंने एक आश्रम बनाया तथा एक संगठन बनाकर मंदिर-संपदा और श्रद्धालुओं के कल्याण की व्यवस्था की। यही संगठन बाद में श्री नारायण धर्म परिपालन योगम् (एस.एन.डी.पी.) के नाम से जाना गया, जो श्री नारायण धर्म का प्रसार करने लगा।

1904 में श्री गुरु ने क्विलोन (आज कोझीकोड) के एक तटीय उपनगर वर्कला में एक शांत, सुरम्य पर्वतीय स्थल शिवगिरि में अपनी सार्वजनिक गतिविधियां केन्द्रित कीं। 1928 में अपनी महासमाधि तक श्री गुरु ने यहीं रहकर साधना की थी। शिवगिरि में श्री गुरु ने दो मंदिरों और एक मठ की स्थापना की। शिवगिरि आकर ही श्री रविन्द्रनाथ ठाकुर और महात्मा गांधी ने श्री नारायण गुरु के दर्शन किए थे। 1920 में त्रिशूर में उनके द्वारा स्थापित कारामुक्कू मंदिर में किसी देवता की प्रतिमा नहीं बल्कि एक दीपक स्थापित किया गया था, जिसका संदेश था-चहुंओर प्रकाश ही प्रकाश हो। 1922 में मुरुक्कुमपुझा में बनाए गए मंदिर में देव प्रतिमा की जगह 'सत्य, धर्म, प्रेम, दया' लिखवाया गया था। 1924 में उनके द्वारा स्थापित अंतिम मंदिर कलवनकोड मंदिर में उन्होंने गर्भ गृह में एक दर्पण लगवाया। समाज सुधार के क्षेत्र में 100 से अधिक मंदिरों से उन्होंने मदिरा एवं पशु-पक्षी बलि से जुड़े देवताओं की मूर्तियां हटवा कर शिव, गणेश और सुब्रह्मण्यम की मूर्तियां स्थापित कीं। उन्होंने नये मंदिर भी बनवाये, जो उद्यान, विद्यालय एवं पुस्तकालय युक्त होते थे। उस समय चौंकाने वाली बात ये थी कि इनके द्वारा बनवाये मंदिरों में पुजारी तथाकथित छोटी जातियों के होते थे। मंदिर की आय का उपयोग विद्यालयों में होता था। दिन भर काम में व्यस्त रहने वालों के लिए रात्रि पाठशालाएं खोली गयीं। अनेक तीर्थों में अनुष्ठानों की उचित व्यवस्था कर पंडों द्वारा की जाने वाली ठगाई को बंद किया। स्वामी जी ने सहभोज, अंतरजातीय विवाह तथा कर्मकांड रहित सस्ते विवाहों का प्रचलन किया। बाल विवाह तथा वयस्क होने पर कन्या के पिता द्वारा दिये जाने वाले भोज को बंद कराया। उन्होंने अपने विचारों के प्रसार हेतु 'विवेक उदयम्' पत्रिका प्रारम्भ की। 20 सितम्बर, 1928 को एकात्मता के इस पुजारी का देहांत हुआ। केरल में उनके द्वारा स्थापित मंदिर, आश्रम तथा संस्थाएं आज भी समाज सुधार के उनके काम को आगे बढ़ा रही हैं। श्री नारायण गुरु स्वामी जैसे भारतीय संतों ने एक जात, एक धर्म और एक ईश्वर का मंत्र देकर विश्व को प्राकृतिक तथा मानव सृजित समस्या से बचने का मार्ग दिखाया है। श्री नारायण स्वामी के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर नारी सशक्तिकरण और युवाओं के कौशल विकास के लिए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं, वास्तव में भारतीय संस्कृति से जुड़े संत-महंतों की संत-शक्ति ने भारत को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन का आधार संत आंदोलन के जरिए खड़ा किया, नतीजतन समग्र समाज में सामाजिक एकता और जागरण का वातावरण निर्मित हुआ है। श्री नारायण स्वामी ने दलितों, शोषितों एवं वंचितों के विकास, नारी सशक्तिकरण एवं युवाओं के कौशल विकास के लिए आज से सौ वर्ष पूर्व

शिक्षा एवं संस्कार का समाज जागृति एवं समाज सुधार का जो अभियान छेड़ा था उसमें आध्यात्मिकता का अद्‌भुत समन्वय रहा है। मंदिरों को उन्होंने सामाजिक चेतना का केन्द्र बनाया था और शिक्षा के लिए विद्या मंदिर बनाये। अंग्रेजों के खिलाफ उन्हीं की भाषा में टक्कर लेकर उन्होंने भारत माता को आजाद कराने के लिए अंग्रेजी शिक्षा की सुविधा हेतु साहसिक कदम उठाए।

नारायण गुरु ने हमेशा अपने अनुयायियों को यही शिक्षा दी कि 'शिक्षा के माध्यम से जानकार और जागरूक बनो, संगठित होकर मजबूत बनो और कठिन परिश्रम से समृद्धि प्राप्त करो' सामाजिक प्रगति के लिए श्री नारायण गुरु ने तीन उपाय सुझाए थे – संगठन, शिक्षा और औद्योगिक विकास। आज केरल में दिख रहा सामाजिक–आर्थिक–शैक्षणिक विकास का श्रेय श्री नारायण गुरु और उनके द्वारा स्थापित श्री नारायण धर्म परिपालन योगम् संस्था को जाता है। वास्तव में सही मायने श्री नारायण गुरु आधुनिक भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण के अग्रदूत थे उनके अनुसार कमजोर और गरीबों की सेवा तथा मानवता का कल्याण ही सच्चा अध्यात्म है। उनके विचार – संगठन, शिक्षा और औद्योगिक विकास के सिद्धांत को आज समाज के सभी धर्मों और संस्कृतियों के लोगों अपनाया और उससे प्रेरणा ली है।

**नरेंद्र कुमार 'भारती'**

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं दलित और आदिवासी मुद्दों पर लगातार लिखते रहते हैं)

# समय

अच्छा हो तो टिकता नहीं,
बुरा हो तो कटता नहीं,
मैं हूँ और नहीं भी हूँ,
समय हूँ मैं दिखता नहीं !!

समझ सको, तो विज्ञान हूँ
भेद जान लो, तो सर्व–ज्ञान हूँ
हूँ तुच्छ भी , अमूल्य भी
सर्जन हूँ, अंत का आह्वान भी !!

समझने में निकल जाऊँगा,
फिर लौट कर ना आऊँगा,
कोशिशें कर के देख लो,
मैं क्षण भर में बदल जाऊँगा !!

मैं क़ैद हूँ, आज़ाद भी
जीत हूँ, किसी की मात भी
मैं कल भी था, और कल भी हूँ
मैं दिन हूँ, मैं ही रात भी !!

जो सार मेरा पा सको,
जो मुझको वश में ला सको,
मैं भेद हूँ, एक अभेद सा
मुट्ठी में सिमटी रेत सा !!

जो भेद मेरा पा सको,
समझ में मैं आ जाऊँगा,
जो हुई मेरी अवहेलना,
समय हूँ मैं खा जाऊँगा !!

**Harpratap Singh** (P&S Bank)

# हिन्दी पाठक, और उर्दू कविता की गुण विवेचना की समस्याएँ

उर्दू काव्य का अलंकृत रूप हिन्दी समेत अन्य भारतीय भाषाओं के पाठकों के लिए एक आकर्षण का कारण बना रहता है। किंतु हिंदी के आम पाठकों की उर्दू कविता के संदर्भ में जानकारी सीमित होती है, जिसके कारण वह उर्दू कविता की उसके विस्तृत अर्थ में विवेचना करने में असमर्थ होते हैं। उर्दू कविता पढ़ते हुए हिंदी के पाठकों को प्रायः कुछ समस्याओं का आभास होता है। इस लेख में मैं इन्हीं बाधाओं को लिपिबद्ध) करने का प्रयत्न करूँगा। एवं मेरे उर्दू कविता को समझने के प्रयत्न में जो बातें, साधान उपयोगी रहे हैं उन्हें भी चिन्हित करने की कोशिश करूँगा।

## 1. लिपि की समस्या

उर्दू कविता पढ़ने में हिंदी पाठकों के लिए लिपि की समस्या प्रमुख है यह कहना आज से 5–10 वर्ष पूर्व तो संभवतः उचित होता, किंतु आज यह कहना अनुचित होगा। आज कम से कम इतना उर्दू साहित्य देवनागरी लिपि में तो उपलब्ध है जो हिन्दी के पाठकों को उर्दू कविता की गुण विवेचना करने में समर्थ बनाने के लिए पर्याप्त है। लिपि से संबंधित नई समस्या यह है की इस देवनागरी में प्रकाशित हो चुके साहित्य तक पहुँच कैसे हो?

उर्दू कविता के ''क्लासिकी'' ग्रंथ जैसे दीवान-ए-ग़ालिब एवं दीवान-ए-मीर, जो उर्दू कविता के बुनियादी ग्रंथ हैं, का देवनागरी में लिपियान्तरण तो बहुत पहले हो चुका है। पिछले 5–10 वर्षों में नए प्रकाशनगृहों ने उर्दू के आधुनिक प्रतिनिधि कवियों की कृतियों का प्रकाशन भी किया है। नए डिजिटल माध्यमों पर भी देवगनागरी समेत रोमन लिपि में उर्दू कविता उपलब्ध है।

## 2. संप्रेषण की समस्या (शाब्दिक अर्थ की दृष्टि से)

उर्दू कविता में उपयोग किए जाने वाले शब्द हिंदी के पाठकों को प्रायः कठिन लगते हैं। इसका कारण यह है कि उर्दू कविता के बहुत से उपमान फ़ारसी कविता से उर्दू में सम्मिलित कर लिए गए हैं। चूँकि उर्दू गजल, विधा/शैली की दृष्टि से, फ़ारसी ग़ज़ल परंपरा से जुड़ी हुई है, उर्दू कविता का वाक्य विन्यास तो मुख्यतः हिन्दी जैसा ही है परंतु शब्दावली फ़ारसीनिष्ठ है।

उर्दू कविता में वाक्य विन्यास के कुछ ऐसे तरीक़े भी हैं जो फ़ारसी कविता से लिए गए हैं, जिन से हिंदी के आम पाठक परिचित नहीं होते हैं। इसमें फ़ारसी कविता में उपयोग की जाने वाली 'इज़ाफत', जिसमें 'ए' स्वर के उपयोग से दो शब्दों के बीच में संबंध दिखाया जाता है, सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त ''क्लासिकी'' ग्रंथों में प्रायः मिल जाने वाले शब्द जैसे अज़, ता, अज़ बस कि, अगरचे, क्यूँकर, गो, गोया, हर-चंद इत्यादि सम्मिलित हैं।

यद्यपि बहूलता में उर्दू कविता पढ़ना इस अंतर को पाटने में सहायक होता है (चूँकि इस प्रक्रिया में पाठक शब्दों के अर्थ सन्दर्भानुसार पता कर लेते हैं) किंतु उर्दू-हिन्दी शब्दकोश इसमें अत्याधिक उपयोगी होते हैं।

### 3. संप्रेषण की समस्या (सांकेतिक अर्थ की दृष्टि से)

शाब्दिक अर्थ की दृष्टि से संप्रेषण की समस्याएँ तो शब्दकोश हल कर देते हैं, परंतु उर्दू कविता (मुख्य रूप से ग़ज़ल) में उपमा एवं रूपक अलंकार के प्रयोग की बहूलता के कारण, बहुत से शब्द अपने पारंपरिक अर्थों से जुड़े होते हैं। चूँकि उर्दू ग़ज़ल एक निर्धारित ढाँचे में लिखी जाती है इसलिए ग़ज़ल में बहुत ज़्यादा शब्दों के उपयोग का अवकाश नहीं होता है। इसीलिए कवि इन्हीं पारंपरिक शब्दों के माध्यम से अपनी बात कहने के लिए बाध्य होते हैं। इसी कारण शब्दों का शब्दकोशिय अर्थ पाठकों को कविता के एक संकुचित अर्थ तक ही सीमित कर देता है।

यह समस्या मुख्य रूप से ''क्लासिकी'' उर्दू कविता पढ़ते हुए आती है। और ग़ालिब जैसे कवि, जो बहुत से रूपकों के मिश्रण से एक जटिल बिंब बनाकर कविता में प्रस्तुत करते हैं, को पढ़ते हुए यह समस्या प्रायः महसूस की जा सकती है। यद्यपि ग़ालिब की जटिलता को समझने के संदर्भ में यह बात उर्दू के पाठकों के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक है। किंतु, हिन्दी और उर्दू में उपयोग किए जाने वाले रूपकों के भिन्न साहित्यिक परंपरा द्वारा पोषित एवं निर्मित होने के कारण, दोनों भाषाओं की कविता के कुछ रूपक तो समान हैं लेकिन कुछ भिन्न हैं।

इन रूपकों, उपमाओं का बोध करने के लिए देवनागरी में प्रकाशित किए गए दीवान-ए-ग़ालिब, दीवान-ए-मीर एवं उनपर लिखी हुई टिप्पणी सहायक होती है जो आम तौर पर इन्हीं किताबों में पृष्ठ के फुट्नोट में लिखी होती हैं। आयोध्यप्रसाद गोयलिया जी द्वारा 'शेर-ओ-सुख़न' के नाम से लिखी गई पुस्तक-शृंखला भी इसमें सहायक हो सकती है।

### 4. छंदबोध की समस्या

उर्दू कविता की परंपरा का बड़ा हिस्सा ऐसी विधाओं से मिलकर बना है जो छंदबद्ध) हैं। ग़ज़ल, रुबाई, मर्सिया, मसनवी, नज़्म जैसी अनेक विधाएँ बह्र (छंद) में लिखी जाती हैं। ''नसरी नज़्म'' या जिसे ''छंदमुक्त कविता'' कहा जा सकता है इसका एक अपवाद है। अधिकतर हिंदी के पाठकों का ग़ज़ल से तआरुफ़ एक संगीत की विधा के रूप में होता है, किन्तु ग़ज़ल मुख्य रूप से एक साहित्यिक विधा है। ग़ज़ल का छंदबद्ध (एक निश्चित लय में) होना ही उसे गाए जाने के उपयुक्त बनाता है। छंदबोध की समस्या का एक कारण संभवतः यह भी है कि हिंदी के आधुनिक पाठक अधिकतर छंदमुक्त कविताओं को पढ़ने के आदि हैं, किंतु उर्दू कविता में छंद अब भी कविता के आधारभूत ढाँचा है।

यद्यपि छंदबोध (बह्र को समझने) की समस्या आम पाठकों के लिए इतनी बड़ी नहीं है

जितनी वह ऐसे पाठकों के लिए है जो ग़ज़ल कहने/लिखने की अभिलाषा रखते हैं। बह्र/छंद का बोध इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है चूंकि यह पाठकों को ग़ज़ल के स्ट्रक्चर की बारीकियों से अवगत कराता है एवं उसकी बेहतर गुण विवेचना करने योग्य बनाता है।

बहुत सारी कविताओं के निरंतर पठन से भी बह्र/छंद का बोध होने लगता है। वीनस केसरी द्वारा रचित ''ग़ज़ल की बाबत'' हिंदी के पाठकों को ग़ज़ल का छंदशास्त्र समझने में सहायक हो सकती है।

## 5. क्या उर्दू कविता का सरोकार केवल प्रेम और शराब से है?

उर्दू कविता (मुख्यत: उर्दू ग़ज़ल) पर प्राय: यह आरोप लगता रहा है कि उस का प्रयोजन केवल प्रेम और शराब एवं उन से जुड़े विषयों से है। यह आरोप पूरी तरह उचित तो नहीं है किंतु पूरी तरह बे-बुनियाद भी नहीं है। ग़ज़ल की परंपरा के उद्भव के समय अरबी कविता में ग़ज़ल शब्द का मूल अर्थ 'स्त्रियों से बातें करना' रहा है। और फारसी/उर्दू साहित्यिक परंपरा में भी बहुत से अशआर (शे'र का बहुवचन) प्रेम और शराब के इर्द-गिर्द ही घूमते रहे हैं। और ये ऐसे अशआर हैं जिनका कोई व्यंजित अर्थ भी नहीं है। किंतु यह भी सत्य है कि उर्दू कविता समय के साथ-साथ विविध विषयों को सम्मिलित करने में सफल रही है।

खुदा-ए-सुख़न (शायरी के खुदा) माने जाने वाले कवि मीर-तक़ी-मीर के काव्य में प्रेम और शराब से इतर बहुत से विषय मिलते हैं, मानवीय संवेदनशीलता के विभिन्न पहलुओं को मीर ने अपनी कविता में स्थान दिया है। उदाहरण के लिए वह कवियों को कवि होने के दायित्व का बोध कराते हुए कहते हैं:

*शाइर हो मत चुप के रहो अब चुप में जानें जाती हैं*
*शेर कहो अब्यात पढ़ो कुछ बैतें हम को बताते रहो*

मिर्ज़ा ग़ालिब की कविता में मिलने वाले जटिल दार्शनिक बिंबविधान को आलोचक गोपीचन्द नारंग ने अद्वैत-वेदांत, एवं माध्यमिक शून्यवाद की दार्शनिक परंपराओं से जोड़ा है। ग़ालिब के काव्य में आस्तिविक प्रश्नों से जूझते हुए मनुष्य की ध्वनि साफ़ सुनाई देती है:

*न था कुछ तो खुदा था कुछ न होता तो खुदा होता*
*डुबोया मुझ को होने ने न होता मैं तो क्या होता*

उर्दू कविता की गुण विवेचना करने के लिए आवश्यक है कि कविता को समझने की प्रक्रिया में उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के पढ़ा जाए। और चूँकि उर्दू कविता में (मुख्यत: ग़ज़ल में) मआनी-आफ़रीनी (अर्थ की बहुस्तरीयता) की संभावनाएँ हमेशा होती हैं इसीलिए पाठकों को चाहिए कि वह अपनी कल्पना के निवेश से कविता को मानवीय भावभूमि के विस्तृत परिप्रेक्ष्य में समझने का प्रयत्न करें।

**अर्हत मेश्राम**
बी ए प्रोग्राम (चतुर्थ वर्ष)
देशबंधु महाविद्यालय

# सच्चा मित्र कौन

बहुत समय पहले की बात है। दो बहुत पक्के दोस्त थे। एक बार वे जंगल से गुजरते हुए एक खतरनाक रास्ते से जा रहे थे। वह रास्ता बिलकुल सुनसान था। जैसे-जैसे सूरज ढलने लगा, उन्हें डर लगने लगा, लेकिन उन्होंने एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। तभी अचानक उन्होंने देखा कि सामने से एक भालू आ रहा है, एक दोस्त सबसे नजदीकी पेड़ की ओर दौड़ा और फटाफट ऊपर चढ़ गया, लेकिन दूसरा पेड़ पर चढ़ना नहीं जानता था इसलिए वह मृत होने का नाटक करते हुए जमीन पर लेट गया। भालू जमीन पर पड़े लड़के के पास गया और उसके सिर के चारों ओर सूंघने लगा। लड़के को मरा हुआ जानकर, भालू आगे बढ़ गया।

अब पेड़ पर चढ़ा दोस्त नीचे उतरा और उसने अपने दोस्त से पूछा कि भालू ने उसके कान में क्या कहा? दूसरे दोस्त ने जवाब दिया, 'उन दोस्तों पर कभी भी भरोसा मत करना जो तुम्हारी परवाह नहीं करते हैं। जो मुसीबत में खुद की जान बचाए और दूसरे के काम ना आए वो कैसा दोस्त।' अब पहले दोस्त को अपनी गलती का एहसास हो गया और उसने अपने मित्र से माफी मांगते हुए कहा- माफ करना दोस्त, मैं अपनी गलती पर शर्मिंदा हूँ।

**-महेश**

बी. ए प्रोग्राम - प्रथम वर्ष

# चिड़िया

चिड़िया चहक-चहक कर

करती है पूरे आकाश को रौशन

पेड़ से ही जीवन हमारा

पेड़ से ही मृत्यु

वर्षा से ही जीवन का आधार

उसके बिना हम सब बेकार

प्रकृति को देख मिलता है एक सुकून

ये सब माया है उसकी जिसका नाम है प्रकृति

**-पायल शर्मा**

प्रथम वर्ष

## गजल

हैं पाँव शल कि दश्त को जाया न जाएगा
हम बे-घरों से घर भी बनाया न जाएगा

इक बात है जो तुझ को बताई न जाएगी
इक जखघ्म है जो मुझ से दिखाया न जाएगा

जो जा चुके अब उनको न दी जाएगी सदा
जो खो गए हैं उन को भुलाया न जाएगा

हम इश्क के सफर में ये सामान-ए-आगही
खो देंगे यूँ की फिर कभी पाया न जाएगा

बुलबुल बहार-ए-रफ्ता का करती रहेगी सोग
अब उस से बोस्तान में जाया न जाएगा

सीने से कोई शय अब उतारी न जाएगी
पलकों से कोई बोझ उठाया न जाएगा

श्अर्हतश अगरचें गलियों में फिरता है मिस्ल-ए-कघ्स
हमसे ये संग उस पे उठाया न जाएगा

**-अर्हत मेश्राम**

## गजल

बिखरा हूँ अब जो शहर में मानिंद-ए-गर्द मैं
लौटा हुआ हूँ शब का, बयाबाँ-नवर्द मैं

पझघ्मुर्दगी पजीर है आलम में हर नुमूद
होता हूँ ऐसे सब्ज कि होता हूँ जर्द मैं

उस चश्म-ए-गर्म-दीद की है मुझ को आरजू
वो देख ले इधर तो पिघल जाऊँ, सर्द मैं

यक-जाई-ए-बदन का भरम क्यूँ न टूट जाए
निकलूँ जो इस बदन से अभी फर्द फर्द मैं

'अर्हत' से दोस्ती है सो उसका है ये मआल
फिरता हूँ अब जो दर-ब-दर आवारागर्द मैं

**-अर्हत मेश्राम**

## ग़ज़ल

दुनिया छोड़ के कभी न जाने वाला मैं
दुनिया को ही दश्त बनाने वाला मैं

इक लम्हे को तुझे ख़ुदा करने के लिए
अपनी ख़ुदी को सदा मिटाने वाला मैं

दिन ढलते घर लौट के आने वाला तू
और हर ताक़ पे शम्अ जलाने वाला मैं

शजर शजर घर अपना बनाने वाले परिंद
डगर डगर पर पेड़ उगाने वाला मैं

मुझको अपने साथ में रखने वाला तू
तेरे किसी भी काम न आने वाला मैं

**-अर्हत मेश्राम**

## ग़ज़ल

'जिस को जैसा भी है दरकार उसे वैसा मिल जाए'
रूह को जिस्म मिले जिस्म को साया मिल जाए

और मिल जाए चमन-ज़ार को बाद-ए-ताज़ा
और इक ग़ुंचे को खिलने का बहाना मिल जाए

इस तरह उस से मिले हम कि किसी दरिया को
बीच दरिया के कोई डूबने वाला मिल जाए

क्या अजब है कि अंधेरों के तअक्कुब में मुझे
जो मुझे ढूँढ रहा हो वो उजाला मिल जाए

**-अर्हत मेश्राम**

# ग़ज़ल

कैसे बताऊं कि रातें कैसी होती है
किसी अजनबी से चाहतें कैसी होती है

हम तो बोल ना पाए उनसे एक लफ्ज भी
वो पूछते है की बातें कैसी होती है

ताक लगाए बैठे है न जाने कब निकलोगी
तुम क्या जानो मूलक़ातें कैसी होती है

गर खफा हो तो बताओ मुझको
मुझसे न कहने वाली शिकायतें कैसी होती है

जिनको चाहिए हीरे मोती प्यार में
वो क्या जाने आखिर सौगातें कैसी होती है

**-राहुल दीप**
द्वितीय वर्ष

# हमारी पहचान

जिस देश की सरहदें दिलों में दूरियां पैदा नहीं करती
जिस देश की नारी सिर्फ सुभाष नहीं झांसी को भी है जन्मती
उस देश से है हम!
फिरंगी आकर अतरंगी बन जाए जहां
15 तारीख को सिर्फ तिरंगा लहराए जहां
उस देश से है हम!
जिस देश की मिट्टी से किसान और जवान दोनों को है प्यार
जिस देश में शून्य का हुआ आविष्कार
उस देश से है हम!
जिस देश के दिवाली में अली आए
और मुहराम में राम आए
जिस देश में हिंदू मुस्लिम एक दूजे को कहें प्रणाम सलाम
उस देश से है हम!
जिस देश में लोग मिसाल मिसाईल मैन की देते हैं
जिस देश में बेटियों को हम लक्ष्मी का रूप कहते हैं
उस देश से हम।

**-तोफीजा जमाल**
द्वितीय वर्ष

# सुख किसमें हैं?

एक छोटे से गाँव में रामू नामक किसान रहता था। उसकी फसलें हमेशा अच्छी होती थीं, लेकिन उसका दिल हमेशा दुखी रहता था। एक दिन, उसे एक बूढ़ा साधु मिला। साधु ने रामू से पूछा, "तुझे क्या चाहिए?"

रामू बोला, "मुझे सुख चाहिए।'' साधु ने मुस्कुराते हुए कहा, "सुख बाहर नहीं, भीतर होता हैं।''

रामू ने साधु की बात नहीं मानी और फिर भी मेहनत करने लगा। सालों बाद, जब उसकी फसल बहुत अच्छी हुई, उसने गाँव के बच्चों को बुलाया और उन्हें फसल का हिस्सा दिया।

उस पल उसे एहसास हुआ कि खुशी बाँटने में ही है। अब रामू की आँखों में चमक थी। उसने समझा कि सुख खुद से नहीं, दूसरों के साथ जुड़ने से मिलता है।

**-सुहानी पींजजि**
प्रथम वर्ष

# भूल जाती हूँ

मैं भूल जाती हूँ...
कप मैं छनी हुई अदरक वाली चाय को पीना
अपनी मनपसंद कुरती की खुली सिअन को सीना
सोसाइटी के गेट वाले ठेले से गोलगप्पे खाना
'विंक' पे अपने पंसदीदा गाने बजाना
अधूरी नॉवेल के आखरी चार पन्ने पढ़ जाना
वीडियो कॉल पर माँ को पूरे दिन का हाल बताना

मैं भूल जाती हूँ...
कभी कभी दिन
तारीख
महीना
और हर दिन
बस कुछ पल को
अपने लिए जीना

**-डा. शिल्पी श्रीवास्तव**
सहायक प्रोफेसर, दर्शन शास्त्र विभाग
देशबन्धु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# गलती

मानव तो गलती का पुतला
कौन ना गलती करता है
गलती बस उनसे ना होती
जो काम मे हाथ ना धरता है।

हम सबका है फर्ज सदा
गलती से हम कुछ सीखे
गलती से हम अनुभव लेकर
राह मे आगे बढते है।

जो मानव काम करने की क्षमता रखता
वही गलती का सामना करता
जो हमें आगे का राह दिखाता
दुनिया का सामना करने में सक्षम बनाता।

मानव तो गलती का पुतला
कौन ना गलती करता है
जो लोग गलती का सामना करते
वहीं राह में आगे बढ़ते हैं।

मानव का कर्त्तव्य रहता
हमेशा कुछ नया सीखना सिखाना, कुछ कर दिखाना
मानव तो गलती का है पुतला
इसिलिये हस्ता हसाता गलती करता।

**-श्रेया**
प्रथम वर्ष

# झूठ–सच

सच और झूठ
झूठ और सच
हैं दोनों ही सापेक्ष
कहते हैं सयाने
देखा हुआ सच है
और सुना हुआ झूठ
अतः सच और झूठ में
फासला है तो
आंख और कान के बीच का
लेकिन बड़ा अंतर है
कानों से मिले सच
और आंखों से मिले सच में
और सच तो यह है
कि सच नहीं आता
कानों के रास्ते
क्योंकि एक कान से
दूसरे कान तक
जाता सच
आखिर
बन जाता है झूठ
इसलिए सच कानों के रास्ते
चुपचाप नहीं
बल्कि आता है हमेशा
धड़ल्ले से
सामने के खुले
दरवाजे के रास्ते।

**-डॉ. प्रदीप कुमार मुखर्जी** (सेवानिवृत्त)

# कविता

हाँ एक कच्चा मकान हूँ मैं,
कुछ दुनिया के चहरों की एक छोटी सी मुस्कान हूँ मैं,,
हां एक कच्चा सा मकान हूँ मैं।
माना समय से मरम्मत नहीं होती मेरी, ना भर पेट मसाला खाया है,
पर मैने अपने इसी अधूरे रूप से
उन आंखो के सपनो को सजाया है,
जो उड़ना चाहती है पंख खोल, जो नहीं मानती किसी को अनमोल,,
जिनके लिए जीवन के हर सपना बड़ा है,
अफसोस, जिन पर जिम्मेदारियों का बोझ बड़ा है।

मैं उन सबकी एक छोटी सी आस हूँ,
किसी अमीर का तो नहीं पर, हाँ इनका में खास हूँ।
इनके चहरे की मुस्कान हूँ मैं,
हां एक कच्चा स मकान हूँ मैं,

बारिश में भले ही रोता हूँ,
सर्दी में चादर तान कर सोता हूँ,,
इतराता नहीं, दिखलाता नहीं,
जो हूँ मैं वही दिखाता हूँ, इतराना मुझे आता ही नहीं,,
कैसे दीवारों को सजाऊँ, कैसे उन पर रंग लगाऊं, ये सब मुझे भाता ही नहीं।
अब कर भी क्या सकता हूँ,
मेरा मालिक जो कमाता है, मेरे लिए उसमें से कुछ बचाता ही नहीं,

अब वफादारी का पाठ पढ़ा है,
आखरी दम तक साथ निभाऊंगा,,
जिस दिन मालिक कामयाब होगा मेरा,
उस दिन खुशी मनाऊंगा,,
लीपूँगा, पोतूंगा अपनी भुजाओं को मैं, रंग बिरंगी सजाऊंगा,

कई टूटती सी आस का सहारा हूँ मैं,
दूसरों को शरण दे खुद लाचार हूँ मैं,,

दुख में रहकर हँसना सीखा है,
तभी बहुत उभरते चहरों की पहचान हूँ मैं,,
कई दुनिया के रुलाए चहरों की मुस्कान हूँ मैं,
हां, एक कच्चा सा मकान हूँ मैं।

**-विपिन करनोजिया**
बी ए प्रोगाम- तृतीय वर्ष

# कहाँ है पहलगाम

पूछिये मत
पूरी शैतान की नानी थी लिद्दर नदी
बर्लिन में मिली जिप्सी लड़की-सी अल्हड़
पूरी-की-पूरी उतर गई थी मुझ में
आकाश से उतर मेरी धरती पर।

पाँव डालते ही पानी में
काट ली थी
एक ठिठुरती चिकोटी
शैतान ने।

'आओ
तुम भी यहाँ बैठो
मेरे पास इस पत्थर के वक्ष पर
और डाल दो पाँव पानी में'-

हर आते-जाते को न्योतती थी
बिना भेदभाव के
लिद्दर नदी पहलगाम की।

ठिठुरते पानी में टिके
पत्थर की नमी में भी
कितनी तपिश थी
किसी अपने के सामने
जी खोल देने की तरह।
कहीं कोई नहीं था वहाँ अकेला।

पूरे ब्रह्माण्ड में
हमारे होने का एक विराट उत्सव
फूटने लगा था हममें चश्मों-सा।

हद ही हो गई थी
कितनी बेशर्म हो गई थी हवाएँ अचानक
और तुम कितना लजा गई थीं।

याद है न वह गर्मी
जो फूट गई थी
हमारे पाँवों के असावधान स्पर्श से।

पूस की रात में
हमें मिल गया था
अलाव की आँच-सा।

बात यूँ कितनी छोटी है
मामूली भी
खरगोश के
फुदककर ओट में हो जाने-सी

पर सवाल होते ही
कितनी तीखी हो जाती है।

हम क्या उत्तर देंगे
अगर कोई पूछ ले
क्या चलेंगे इन छुट्टियों में
पहलगाम?

**-दिविक रमेश**
संकलन कर्ता - सं. हिंदी

**Desh**
**2024-25**

# English Section

**Editor** : **Sh. Saswat Battacharya**
**Student Editor** : **Anshuman Mishra**

## LIST OF CONTENT


| | | |
|---|---|---|
| Doctor-Patient Relationship : A Challenge During Covid 19 | - Dr. Subasini Barik | 34-38 |
| The Weather | - Dr. Pradeep Kant Mukharjee | 38 |
| Our Enlightened Buds : An Inspiring Memory | - Dr. Subasini Barik | 39-43 |
| Role of Technology to Digitally Enrich the Indian Languages | - Dr. Monika Bajaj | 44-47 |
| Computing on the Cloud | - Dr. P.K. Mukherjee | 48 |

# Doctor-Patient Relationship: A Challenge During Covid-19

Covid-19 pandemic 2020 was an eye opener for the entire world. It made us learn a phenomenal experience, which may not be expressed by mere words, but can be felt and realized in many different ways. When the whole world was completely engrossed with their self-centric activities, suddenly this unexpected corona forced everyone to lead a deserted life. What an irony! A manual environment suddenly converted to a virtual platform, as if the over-burdened life took a pause for a while for its own sustenance. This crisis was manmade but beyond any human control. During this process of lockdown and physical distancing, we realized the importance of our surrounding and learnt the beauty & relevance of values in our life. Corona helped us connecting globally on virtual platform and also made us realize our limitations of life. Covid-19 had left a significant scar in almost everyone's mind due to its impact in all sections of the society. One of the most affected areas of this pandemic was the medical sector which is not only the most essential one due to its own nature that serves the society as a part of their duty, but also been worshipped by the public as holy messengers for saving the lives of people during this unprecedented period. In between these two major scenarios of medical sector, many problematic zones are there to be resolved and to be analyzed from multiple angles.

Let us revisit those days for a while. On 31st December 2019 WHO was informed about the cases of pneumonia of unknown cause in Wuhan city of China. A novel corona virus was identified as the cause by Chinese authorities on 7th January 2020 and was named as Covid-19 virus. On 30th January 2020, Director General WHO declared the novel corona virus outbreak to public health emergency. By mid-March 2020, 40% of globally confirmed cases and 63% of global mortality from the virus was reported. Because of the highly contagious nature of the disease WHO declared few restrictions like maintaining physical distancing, wearing mask and constant sanitizing as a precautionary measure. This disease made the whole world suffer due to many reasons.

1. Because of the highly contagious and infectious nature of the disease, the healthcare unit got overburdened and compelled to introduce new modalities for patient care like telemedicine that guaranteed the possibility of remote assistance, but made the skin-to-skin contact impossible.

2. Because of the basic infectious nature of the disease and implementation of social/physical distancing as a remedial measure, doctors/health care personals were expected to act more humanly and responsibly in addition to their

basic duty as health worker. Hence Doctor-Patient relationship became the center of focus during the period particularly for this deadly pandemic.

3. Hospitals and ICUs are always complex units of health care system where all kind of patients enter on everyday basis. Due to the outbreak of the pandemic a division is made amongst all such health care units for various reasons. The units that served pandemic patients and the units serving all others were kept separated strictly, again keeping in mind the safety of both the public as well as the concerned persons. Pressure of work was exceptionally enhanced due to the increasing number of patients and simultaneously the mental pressure got multiplied due to both personal as well as professional demands.

Such aspects not only created hindrances for medical care but also opened doors for skeptical zones in public mind. Reasons are not one but many and illustrations are innumerable based on individual case histories.

All the medical ethics codes, going back to ancient Hippocratic Oath and Charaka Samhita's Oath of Initiation, stress that the first and foremost consideration of the health care professional must always be the best interest and welfare of the patient. During the serious health disorder, both the patient and the family always go through a major endangered fear factor which is not only stressful but also dangerous. Trust between the two could reduce the fear factor as well as risk of any further health disorder. This trust between the patient and the medical person can either be justified or betrayed. How things are moving these days is not unknown to public. It is equally essential to mention here that mutual respect and maintenance of dignity during the treatment is equally expected from each other for retaining both mental and physical health. That means any kind of breaching of trust between the doctor-patient relations is always unhealthy for both the parties.

Doctor-patient relationship has always been very challenging inside Intensive Care Units with its restrictions and type of care. Other than the ICU unit there always happens to be an 'information gap' between the patient/ his attendants and the health care persons. The responsibility of the health professional is to communicate the essential information to the patient in such a language that the person can easily understand and follow. The task in this context is challenging, responsibility covers life risk and the relation needs to nurture a holistic approach due to its own nature in normal health disorder factors. Outbreak of Pandemic made this issue even worse to its effect. Earlier inside ICU the attendants of the patients were available outside the ICU for any kind of assistance/emergency in

addition to the normal care aspects. But covid patients were completely left to the mercy of doctors and other health care persons without having any one around whom he/she can express her concern or pain. Hence the responsibility of health care professional including the doctor became extremely challenging including their duty and work force. At this stage they are not only a mere professional like doctor, nurse or attendant having their own typical designated duties, rather they work as multitasking units in addition to their task of health care units. They normally are expected to take care of:-

- Treatment as well as one to one care of the patient.
- The expectations of Health and Welfare department as and when assigned to them.
- The expectation of the family of the patient who left isolated at hospital without having any familial attendant of his/her own.
- The expectation of the Government Policy makers being an employee.
- The mental/psychic concerns and issues of the patient including the fear factor that arises due to the unknown and unpredictable/unprecedented episodes arise during this treatment.

Expectations are endless and challenges are innumerable, but pros-n-cons analysis is really miniscule at this situation. In case of Doctor-Patient Relationship (DPR) we debate over the issue normally when there is no compatibility in what we expect from a doctor and what we get in reality. We get information about the inner layers of hospital during the treatment only from the patient out of danger zone. But in case of patient who lost life during treatment, the health care professional is a major part of blame game most of the time. Their efforts/care/ concerns along with their duty are not recognized normally at these circumstances. It is because the normal human beings do not have an access to this health care unit due to the basic nature of the disease, due to the law-order system during this high-risk zone and also due to the personal safety of the individual which is equally essential. Let me focus on three aspects of DPR.

How was the relation between doctor/ health care personal with their patients earlier? How is it now during this high-risk zone? And finally, how is it expected to be?

As per the code of conduct of Medical Ethics, **'the health of my patient will be my first priority.'** Patient should be the priority for a doctor and all other aspects of personal profit, reputation, Government policy, Departmental requirement or any other related issues should be secondary. The deciding factor for treatment should always be for the best interest of the patient. In DPR a compatible zone of trust, confidentiality, truthfulness and honesty need to be maintained. Medical paternalism is

another key factor in this relation. Irrespective of any caste/creed/religion/name/ fame/power/ position/ livelihood/financial condition, any and every patient should be treated with similar sensitivity and seriousness. Even World Health Organization defines health as a state of complete physical, social and mental wellbeing and not simply absence of illness and disease. Bond between Doctor-Patient is mostly a bond of empathy which is based on their oath to save life. But today this relation is under question mark due to many factors. The major among them is the gradual disorder in health care system. For example: even the access of ICU is not decided as per the intensity of the need of the patient, but on many other secondary factors. Power-game as well as self-centric attitudes are of major concern. Even though we observe a consistent decline in health care unit, I am sure empathy along with trust, communication, understanding and mutual respect collaboration will definitely create wonder in DPR irrespective of all odds.

Earlier the DPR was confined to the treatment of a patient along with his/her psycho-physical related issues. Friends and family were around the patient for personal care and concerns. Health care unit along with doctor were accountable for treatment related issues. Hence the doctor-patient relationship for any other disease as compared to Corona are visibly different. In Corona the Personal Protective Equipment (PPE), telemedicine and fear factor of patients created maximum disaster. We normally expect empathy from doctors and trust from patients. But when both are sufferers at a particular time then the decision-making grounds get disturbed. Due to contagious nature of this disease patients are left alone with doctors/health care personals and the family expects all type of care from the hospital persons. Due to the nature of this disease, number of patients were increasing with a fix number of medical care unit. Overnight increase in medical care unit or number of doctors was next to impossibility. Hence pressure was multiplied along with the risk factor even with the health personals. Even patients these days complained as if they are being treated as an object while being examined, tested, diagnosed and medicated. They were not being treated as persons with respect and consideration. Such complaints are also not baseless due to several other factors. But the additional pressor with the increasing number of covid patient created many unprecedented physical as well as psychological problems. Media and press also created havoc with each case of deceased person.

In addition to the various expectations of the public for their own patients, there need to have similar or more respect and empathy for the health care workers by the public and press, which would work as a motivational force to cater more presser. Normally we expect humanity and quality treatment from the doctors/health workers for the patients and expect them to work

day and night as machines which is neither justified nor appreciable. The stretched staff and resources can certainly not always deliver high quality care and treatment. Sanctity of life should be understood and applied uniformly to both. Both the lives are equally precious for the family and society. But during this corona period the risk factors are exceptionally high incase of these health care units who works as the frontline warrior directly with the patient when no family member even comes forward to take the personal care of their own patient. A sensible patient can have an idea that how seriously these health care unit works in and around the hospital. Challenges are many but the question is how to address them. In DPR during Covid both are equally in high-risk zone. Whom to address and give priority? A highly challenging question. Ethically both need to be addressed with equal importance. Even in between doctor & patient when Govt intervene with various policies, the priority factor gets imbalanced. In such crucial situation we need to think about some uniform norms to safeguard their interest, so that the fear factor develops in both sides will be minimized and trust & confidence on each other would develop to protect each other's interest. This is how we can address even the hidden challenges of any such diseases.

**Dr Subasini Barik**, Associate Professor
Department of Philosophy
Deshbandhu College,
University of Delhi

## The Weather

Really unpredictable is the weather
Sometimes it scares us badly
By thunderous sounds
of clouds
while at other times
it starts drenching us
by mindlessly throwing water on us
like a naughty boy
By increasing its heat
The weather sometimes
makes us feel uncomfortable
and irritable
while on other times
wrapping us in extreme cold
it gives us feeling of shivering
with our teeth cluttering
Falling short of topic
we sometimes have to resort to
talking about weather
Whatever the case
It goes without saying that
the weather dominates us al
It makes us speechless at times
while at other times
it makes us come to our toes
by shocking us

**Dr. P. K. Mukherjee**
Asociate Professor of Physics (Retd.)

# Our Enlightened Buds: An Inspiring Memory

"Sanjeevani-2018", the Annual function of Botany Department, Deshbandhu College, University of Delhi, was like every other annual functions of the College, full of multifarious programs like lectures, competitions, entertainments, prize distribution ceremony and many more. I had been invited to judge one of the event which was probably very common to all Botanist, but the reflections made by each one of the participants was not only unforgettable but also very inspiring for me as a teacher.

**Date:-** Sanjeevani- 2018

**Place:-** Botany Department, Deshbandhu College

**Event:-** Leaf Painting Competition

Every student participants were given a Peepal (Ficus) leaf to paint on their own without any specific theme. At the end of the competition they were judged on the basis of the painting prepared by them as well as the supportive story narrated by each one of them to support their creation. The whole episode prompted me to bring a few of them in front of all of you. The depiction as well as the narration by a student less than twenty years of age definitely needs a special attention by all of us who claim to be the educators of the society. The revelations are not only praiseworthy but truly inspiring.

**1.**

Male and female both are integral part of the society and shares their valuable contribution to the growth of this universe as a whole. We all owe our existence to that divine power but directly we owe our existence to our parents. Every new life is a creation of divinity. During this process a mother gives birth to a child after carrying the fetus in her womb for long nine months, who is a part of their physical form. Physically the mother carries the fetus in her womb since conception and bears all pain, but mentally the father is always with the mother and fetus together till the birth of the child. After the birth of the baby both parents share, care and feel the presence of their own living form every moment and try to protect their own baby from all odds. Each moment is precious, challenging as well as pleasant for both the parents. It's a misconception that mother takes all pain about child's birth and father feels nothing in comparison to the mother. The above painting is a beautiful depiction of how the baby occupies the mind and brain of father in its entirety.

**2.**

Light and darkness are complimentary. But it has a great impact on Universe system. Universe is comprised of all living and non living beings amongst which man is considered to be the best creature. But in reality it is not the case. In waking state the person plays a negative role intentionally, i.e. by allowing/doing/creating negative acts like corruption, performing mostly self centered acts and exploitation and also by not contributing voluntarily for other's well being. Rather he promotes all kind of destructive acts in the name of developments that yield in environmental pollution, health hazard and many such things as a barrier to the nature. On the other hand nature plays a major role to safeguard the interest of the Universe. It works day and night without any break, such that during night when the human beings fell asleep & their negative contributions take a pause, nature's contribution becomes powerful and contributes positively by generating oxygen and utilizing carbon dioxide that provides vital energy of life to all of us. The above painting paints beautifully how life sustains due to nature and conveys a strong message for human being to rectify themselves for the betterment of the environment. Our young artist expresses that the nature should be considered as better than Man.

**3.**

Education is the main source of knowledge. It creates awareness and spreads positivity. Since childhood we get educated by different sources including our mythology, epics, and through the books of science, commerce and humanities. From books only we collect information regarding our environment, our society, and our national and international events. These are our real friend of life that shows us a right way to achieve the goal of life and provide mental strength to overcome the negative impacts. The artist communicates here through his painting as if our whole life is a book in which our past experiences contains some pages and rest of the pages are left for the future days till death. With a reflective mind through introspection we can analyze our past from the previous written pages to create a bright future for our own. The book will be available for all to judge the overall performance of the personality. Man is the maker of his own destiny. By analyzing the previous pages from the book of life we can eliminate our wrong doings and contribute more significantly for a better future. I

sincerely salute to the thoughts of our young mind to think and paint such an enriched thought of life.

**4.**



Day & night, brightness & darkness, positive & negative are complimentary to each other. Darkness normally portrays the negative aspects or the devastated states of nature like storm, snakes, drowning trees that highlight the disappointment and despair. Bright side provides the rays of hope, sustainability, cherished life with blooming flowers, flowing River with musical journey of life, flowering trees with singing birds, celebrating life with peace and tranquility. Both aspects are painted nicely in this leaf. Both contrasts have its existence in the journey of life. Hence getting disappointed in pain and feeling overwhelmed in joy should be avoided. With the experience of both pain and pleasure, one can lead a balanced life and have the feeling of brightness or positivity for one's own self.

**5.**

Human brain is the most complicated aspect of this universe. On the one hand this painting neatly depicts the imagination of the painter. How human brain works positively and negatively at one time. Every human being has three qualities (gunas) i.e. Satva, Rajas and Tamas. At the time of every act one quality overpowers the other. Even if one starts any activity with good intention ends up negatively or vice versa. The other aspect of this painting highlights how the soul gets influenced by the Satva (positive) guna and tries to diminish the darker side of life to lead a better life. It also highlights one's admiration towards the Creator, environment and crave for stress-free life. 'Service to all is the greatest Religion' is the message given by the participant to the Society.

**6.**

This painting is full of multiple aspects of life, yet neatly painted with many messages distinctively in three colors i.e. Black, white and blue. 'Love yourself', 'Be happy', 'Be positive', 'Free to fly' and 'Art is my life' are various messages of the artist with innumerable painted illustrations from everyday life. Flora and fauna depicts life. Life without freedom is meaningless. But life with a positive attitude is not only worthy for one's own self but also cite a

remarkable example for all. Excellent attitude will full of bright ideas are the major highlights of this painting.

**7.**

Women are the centre of everything. Be it personal, professional, social, political or even economical life. The general mindset is portrayed by the painter. How social boundaries never allow her to be free. No family, no society or no nation can grow without her, yet she is controlled, mutilated and oppressed always by others. Being the root cause of all creation, she always keeps her positive attitude on even after mass exploitation. At this phase of life, when girls have proved their power in almost all sectors of life, time has come to accept the reality that she is much beyond the conventional aspects. She is not only powerful to control the trade and commerce industry, but also proved her caliber in highly scientific zones as well as defense sector. Oppressing a woman shows the insecurity of male domain.

**8.**

The painting remarkably paints the growth of spirituality amidst all positive and negative life. 'Crave for the union of the individual soul with the Universal soul finds its own path for liberation', is the theme of this painting. Whether one live in pleasant state or in state of despair, always the soul want to get liberated from this worldly life. Spirituality is an inbuilt urge in every individual. With sincere urge to reach the ultimate truth Almighty, every creation finds a path for itself and that path takes one towards the invisible power. A young artist with such a matured thought is rare but really proves the potency available in these tiny minds.

**9.**

This is a unique painting that depicts over all aspects of one individual. Hope, prosperity, steadiness & celebration all are connected to the happy state of an individual, whereas misery, suffering, pain, despair and helplessness are states of unhappiness. One's time portrays each moment's mental state. Desires are endless. Satisfied desires bring smile with a pleasant state of mind whereas unsatisfied desires bring all kind of unpleasant feelings. With all of them together one needs to lead his life. This is the ground reality. From this art form one can try to visualize one's own self and can think of his

or her own future. This painting provides a glimpse of human nature.

**10.**

